23. hrs.

Discussion and voting on Demands for Grants in the General Budget relating to the Ministry of Home Affairs with reference to Demand Nos. 45 to 49 and 99 to 103.

MR. SPEAKER: The House will now take up discussion and voting on Demand Nos. 45 to 49 and 99 to 103 relating to the Ministry of Home Affairs.

Hon. Members present in the House whose cut motions to the Demands for Grants have been circulated may, if they desire to move their cut motions, send slips to the Table within 15 minutes indicating the serial numbers of the cut motions they would like to move. Those cut motions only will be treated as moved.

Motion Moved:

> "That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the fourth column of the Order Paper, be granted to the President out of the Consolidated Fund of India, to complete the sums necessary to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2001, in respect of the heads of demands entered in the second column thereof, against Demands Nos. 45 to 49 and 99 to 103. "

---

*Moved with the recommendation of the President.

MR. SPEAKER : Now, we go on to the discussion, Shri Rajesh Pilot to initiate the discussion.

श्री राजेश पायलट (दौसा) : अध्यक्ष महोदय, आज हम गृह मंत्रालय की मांगों पर बहस कर रहे हैं। गृह मंत्रालय देश के लिए और सरकार के लिए एक तरह से देश की नब्ज होती है, सरकार की भी नब्ज होती है। जिस तरीके से एक डाक्टर मरीज की नब्ज देख कर बता देता है कि मरीज की हालत ठीक है या नहीं, उसी तरह देश के गृह मंत्रालय की हालत देख कर पता चल जाता है कि देश सही चल रहा है या नहीं। गृह मंत्रालय सिर्फ कानून और नियमों से नहीं चलता, इकबाल से भी चलता है। इस मंत्रालय में जो भी अधिकारी हों या पोलिटिकल लोग हों, साथी हों, जो वे कहें वह देश में लागू हो, ऐसी परम्परा हमारे देश में रही है। किसी जमाने में गृह मंत्रालय का कोई अंडर सेक्रेट्री या सेक्रेट्री किसी राज्य में टेलीफोन किया करता था तो वहां शोर मच जाता था कि गृह मंत्रालय को पता चल गया है इसलिए आधा काम तो वैसे ही ठीक हो जाता था। लेकिन आज हालत बदल गई है। मैं किसी एक पार्टी या व्यक्ति को इसके लिए जिम्मेदार नहीं मानता। मैं भी गृह मंत्रालय में मंत्री रहा हूं। लेकिन जो इकबाल गृह मंत्रालय में था, वह धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। उसका असर देश की कानून व्यवस्था पर भी पड़ा है।

गृह मंत्रालय ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट सदन के सामने रखी है। गृह मंत्री जी पहली गृह मंत्री बनकर संसद, कश्मीर और नार्थ-ईस्ट में बोले थे और हर समस्या पर बहुत मजबूती से स्पष्टीकरण दिया था। पहली बार जब कश्मीर गए थे तो बड़ी मजबूती से इन्होंने अपनी बात को कहा था। मैं वे लफ्ज रिपीट नहीं करना चाहता, वे मेरे भी गृह मंत्री हैं। उस समय अखबारों ने इनकी तुलना सरदार पटेल से की थी कि सरदार पटेल का जमाना आने वाला है। कई अखबारों में इस बारे में सम्पादकीय भी आए। जब ये नार्थ-ईस्ट गए तो वहां भी बड़ी दृढ़ता से इन्होंने कहा था। लेकिन हालत किसी से छिपी नहीं है कि देश की कानून व्यवस्था की स्थिति कैसी है।

हालत यह है कि यह सरकार की रिपोर्ट है। स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट जो सरकार को दी है, उसमें इंसीडेंट्वाइज स्टेट को आप देख लीजिए। मैं सारे इंसीडेंट नहीं लूंगा। लेकिन एस.सी. एस.टी. जो हमारे देश का एक वीकर सैक्शन है, उनकी हालत से पता चलता है कि कानून व्यवस्था देश में कैसी चल रही है। यह सही है कि कानून व्यवस्था स्टेट का विषय है और हम प्रांत पर डाल देते हैं लेकिन जब सारे देश का नक्शा देखा जाता है तो उसमें देश की बात कही जाती है। अगर यू.पी. की हालत खराब होगी तो हम कह सकते हैं कि यू.पी. की हालत खराब है। लोग हिन्दुस्तान को हिन्दुस्तान के जरिए देखते हैं। मैं सदन का ज्यादा समय नहीं लूंगा। Incidents of crimes committed against Scheduled Castes during 1999. मैं एक साल का विवरण दे रहा हूं। उत्तर प्रदेश में एस.सी. से संबंधित 6122 और एस.टी. से संबंधित 4390 इंसीडेंट्स हुए हैं। करीबन 29179 इंसीडेंट्स एस.सी. और एस.टी. पर एक साल में हुए हैं। आज सुबह भी चर्चा हुई थी। कुछ सवाल जवाब में बहस हुई थी। कल खुद गृह मंत्री जी जवाब दे रहे थे कि किस तरह से एस.सी., एस.टी. और कमजोर वर्ग का और क्रिश्चियन का एक तरह से विश्वास सा हटा है। हालत इस देश में यह हुई थी कि हमें कांस्टीट्यूशन. कानून अमेंड करके यह जारी करना पड़ा कि जो एस.सी. और एस.टी. पर अत्याचार होंगे, उनके खिलाफ स्पेशल क्लॉज लाकर हम एक्शन लेंगे। आज उसके आने के बावजूद भी देश में 29179 इंसीडेंट्स हमारे वीकर सैक्शन पर हुए हैं। उसका कारण क्या है ? मैंने कहा कि इकबाल का कारण है। आज देश में बीमारी उगाई जाती है। जब बीमारी कैंसर हो जाती है तो सब हाथ खड़े करते हैं कि यह तो कैंसर हो गया, इसका कोई इलाज नहीं है। फिर उसमें दूसरा, तीसरा इलाज चलता है। बीमारी जब बोई जाती है, तो उस समय सख्त कदम नहीं उठाये जाते। माननीय गृह मंत्री जी बुरा नहीं मानें। आज के अखबार को पढ़ें। कोई जरूरत नहीं थी वी.एच.पी. के सिंघल साहब को कि वह भाषण करें और यह बताएं कि 16 जून को राम अवतार जी का हम स्टेचू राम जन्मभूमि पर स्थापित कर देंगे, डेट भी दे दी। अब पन्द्रह जून तक देश में टेंशन बढ़ती रहेगी। सरकार की तरफ से कोई सख्त जवाब नहीं आया। पहले भी ऐसे होता था। यह गृह मंत्री जी के हाथ में नहीं है। कोई नागरिक यह बयान दें तो उसे पकड़ लें और कहें कि ऐसा बयान आपने क्यों दे दिया ? मैं मानता हूं लेकिन पहले ऐसे कदम उठते ही एक कदम उठता था और देश में शोर हो जाता था कि कोई कानून को अपने हाथ में ले नही सकता। लोग डरते थे। आज वह डर खत्म हो गया है। इससे इकबाल गिरा है और कानून व्यवस्था गिरती चली जा रही है। गृह मंत्री जी ने शुरु में एक बयान दिया था। अगर मैं गलत हूं तो गृह मंत्री जी मुझे याद दिला दें। जब आप गृह मंत्री जी बने थे तो आपने कहा था कि आई.एस.आई. एक्टिविटीज बढ़ रही हैं। हमने भी इस बात को शेयर किया था चाहे इंडो नेपाल बॉर्डर की बात हो, कश्मीर की हो, नॉर्थ ईस्ट की हों। हमने भी सख्ती और खोज करने की कोशिश की थी और सख्त कदम उठाए थे लेकिन गृह मंत्री जी ने कहा था कि मैं आई.एस.आई. पर व्हाइट पेपर लेकर आऊंगा और देश के सामने रखूंगा। हमने उस बात का स्वागत किया था कि देश के सामने अगर आए तो गतिविधियां सबके सामने आएं। आज हम हर बात आई.एस.आई. पर डाल देते हैं। गांव में यह भी मजाक हो गया। जो बात है, आई.एस.आई. ने कराई है। हम इतने कमजोर नही हो गए हं कि आई.एस.आई. हमारे देश में आकर हमें नुकसान पहुंचा जायें और हमें पता भी न चले। हमारे सिस्टम, हमारे इंस्टीट्यूशन बहुत मजबूत हैं। लेकिन दुख की बात है कि हम लोगों ने सिस्टम को या तो कमजोर कर दिया या इंटरफेअरेंस करके इंस्टीट्यूशन को डायलूट कर दिया। है और उसके कारण नतीजे उतने नहीं आ रहे हैं। पता नहीं उस व्हाइट पेपर की क्या स्टेज है। एक-दो बार मैंने बयान पढ़े कि अभी हम सोच रहे हैं शायद अंदर एढ़ायंसेज में आपकी पॉलिसीज में हो। मुझे याद है जब आपने इंडियन एयरलाइन्स का मैनीफैस्टो जारी किया था, उसमें भी इस बात का जिक्र है, इसलिए मैं चाहूंगा कि आज गृह मंत्री जी बयान दें और जो भी एक्टिविटीज

नजर में हैं, देश के सामने साफ रखें। देश इसमें मदद करेगा क्योंकि देश भी इस बात से चिंतित है। ये गतिविधियां क्यों बढ़ रही हैं चाहे वह दक्षिणी भारत की बात हो चाहे नैक्सेलाइट की हो। इनमें बढ़ावा मिला है और यह अखबारों की खबर नहीं है। आपकी वार्षिक रिपोर्ट है जो गृह मंत्री जी के मंत्रीलय ने दी है। उन्होंने खुद इस बात को माना है और कहा है।

> "The Left Wing extremist violence in the country remained almost at the same level during the period January-September, 1999 as compared to the corresponding period of 1998. However, the number of killings in extremist violence registered a slight increase."

लेफ्ट्स एक्स्ट्रीमिज़्म बढ़ा एलटीटीइ की एक्टीविटीज़ सदरन पार्ट में आप्से छिपी नहीं हैं, किस तरीके से चल रही हैं, किस तरीके से उनकी एक्टीविटीज़ बढ़ी हैं। उन्हें गृह मंत्री जी मेरे से ज्यादा जानते होंगे, लेकिन इस बारे में दो बातें हुईं। पहला कारण यह है कि एक तो स्टेट पुलिस, जो भी हमारे प्रांतों की पुलिस है, क्या कारण है, इस बारे में यह गृह मंत्रालय को सोचना पड़ेगा। आज इनमें गिरावट क्यों आ रही है। आज पंचायत के चुनाव होते हैं तो सीआरपी बुलाते हैं। हर स्टेट गवर्नमेंट कहती है कि सीआरपी भेज दीजिए। हमारे स्टेट के मिनिस्टर, वीआईपीज़ भी कहते हैं कि पैरा मिलिट्री फोर्स की सिक्योरिटी दे दीजिए और जितने भी आज तक स्टेट लेवल के चुनाव हुए हैं, हम हर जगह पैरा मिलिट्री फोर्स भेज कर चुनाव करवा रहे हैं। यह एक अच्छी निशानी नहीं है, अच्छी दिशा सूचक नहीं है। पहले स्टेट में पुलिस अपने आप मज़बूत हुआ करती थी। पुलिस का अपना काम होता था और आज सेंट्रल पैरा मिलिट्री फोर्स जाकर स्टेट पुलिस का काम करे। सीआरपी की हालत यह है कि उन्हें पता नहीं कि किस स्टेट में खाना खाना है और अगले दिन सुबह का नाश्ता उन्हें कौन से स्टेट में खाना है। यह हालत हमारी पैरा मिलिट्री फोर्स की हो गई है। मैं समझता हूं कि स्टेट पुलिस के दो कारण हैं। पहला, इन लोगों की ट्रेनिंग देना, मुझे खुशी है कि धर्मवीर कमीशन ने जो रिकोमेंडशन दी थी, उन्हें हम लागू करने की कोशश कर रहे हैं गृह मंत्री जी, हमने भी कोशिश की थी, हम नहीं कर पाए। मुझे पूर्ण उम्मीद है कि आप इसे चालू करके लागू कर दें तो आधी पुलिस की तकलीफ इससे भी दूर हो जाएगी। स्टेट पुलिस की जो आरमरी है, उनकी ट्रेनिंग है, उनकी आर्म्स की माडर्नाइज़ेशन है, यहां तो एक स्कीम ज़रूर है। लेकिन मैं देख रहा था कि यहां से बहुत मीगर अमाउंट गया। अब की बार मैंने देखा कि सौ करोड़ रुपए स्टेट माडर्नाइज़ेशन के लिए इन्होंने रखे हैं। उसमें नार्थ-ईस्ट का अलग है, लेकिन जब तक स्टेट पुलिस की माडर्नाइज़ेशन नहीं होगी, उनकी जिम्मेदारी उन पर नहीं छोड़ी जाएगी, तब तक न स्टेट पुलिस का मनोबल ऊपर उठेगा और न उनमें एकाउंटेबिल्टी आएगी और जब तक स्टेट पुलिस में एकाउंटेबिल्टी नहीं आएगी, सारे देश की जिम्मेदारी पैरा मिलिट्री फोर्स पर छोड़ी जा रही है वह देश के एवं प्रांतों के हित में नहीं है और भविय के हित में भी नहीं है। हम कहां तक इतनी पैरा मिलिट्री फोर्सेस लेंगे। आज अगर आप फीगर्स देखें, आज से दस साल पहले की पैरा मिलिट्री फोर्स और आज की पैरा मिलिट्री फोर्स कहीं 40 प्रतिशत और कहीं 60 प्रतिशत इनक्रीज है और पैरा मिलिट्री फोर्स बढ़ाते जा रहे हैं। स्टेट पुलिस का दायित्व उतना ही कम होता चला जा रहा है। वे जिम्मेदारी से बचते जा रहे हैं, यह अच्छा कारण नहीं है। मैं समझता हूं कि कुछ स्टेट पुलिस ने अच्छे इंस्टीट्यूट सेटअप करके सुधार किया। महाराट्र ने एक अच्छी ट्रेनिंग अकादमी चलाई थी। आंध्र प्रदेश में उनकी ट्रेनिंग और जिस तरह स्टेट पुलिस को उन्होंने इंटरनल सिक्योरिटी दूसरे मसलों पर अच्छी तरह से तैयार की, मैं चाहता हूं कि गृह मंत्रालय ऐसा कोई सेमिनार करके सारे स्टेट को बुला कर उन लाईनों पर, जिन लाईनों पर आंध्र प्रदेश जैसी पुलिस, महाराट्र, Karnataka has, to a great extent, done very well. इन सबको लेकर हम एक माडल बना कर स्टेट पुलिस को मजबूत करें और यह भी देखें कि जो स्टेट्स को ज़रूरत है, कुछ आर्म्स की बात होती हैं, जिसमें गृह मंत्रालय मदद कर सकता है। मैं जब गृह मंत्रालय में था तो हम जितनी आर्म्स काश्मीर में कंफिसकेट करते थे, हम स्टेट्स को दे दिया करते थे, क्योंकि उन्हें कब तक, कितने दिन म्युज़ियम में रखेंगे और आर्म्स भी रस्टिड हो जाती थीं तो हम स्टेट्स में नोमिनल रेट्स पर बांट दिया करते थे। अगर एके -47 देनी हो तो हम हजार-1500 रुपए नोमिनल रखते थे और स्टेट में बांट दिया करते थे, उससे भी स्टेट पुलिस को एक मदद मिली थी।

जहां तकर दिल्ली पुलिस का जिक्र है, क्योंकि दिल्ली पुलिस डायरेक्ट होम मिनिस्ट्री के अंडर में है। गृह मंत्रालय के आधीन है और दिल्ली पुलिस का अब जितना काम बढ़ गया है, जिस

तरीके से उनकी ड्यूटियां, उनका टास्क बढ़ा है, संख्या भी बढ़ी है लेकिन सुविधाएं उतनी नहीं बढ़ा पाए। एकत पुलिस का जवान दिन भर काम करता है और शाम को ऐसी कालोनी में जाकर अपने बच्चों के साथ रहता है, जहां एंटी सोशल एलीमेंट्स तथा दूसरे तरह के एलीमेंट्स होते हैं, फिर

15.33 hours (Dr. Raghuvansh Prasad Singh ***in the Chair***)

उनके साथ मिल जाते हैं। मैंने अखबारों में रिपोर्ट पढ़ी कि किस तरह से सिपाही गलत काम करते हुए पकड़े गए हैं, क्योंकि उस वक्त उनके आसपास की सोसायटी ऐसी होती है कि उसमें वे मिल जाते हैं। इसलिए हमेशा जैसे फोर्सेस में थोड़ा सेग्रीगेशन करके उन्हें अलग रखा करते थे, इसलिए दिल्ली पुलिस ने बहुत दिनों से कोशिश की थी, हमने उनकी अलग एकोमोडेशन कराने की शुरुआत की थी। मैंने कहीं पर एक रिपोर्ट में पढ़ा है कि आज शायद उनके 14 प्रतिशत के करीब दिल्ली पुलिस वालों की एकोमोडेशन नहीं है। पुलिस ने एक हाउसिंग कार्पोरेशन बनाई और एक प्रपोजल दिया।

लेकिन सीपीड्ब्ल्यूडी नहीं चाहती कि पुलिस कॉरपोरेशन काम करे। कई जगहों पर स्टेट्स में पुलिस कॉरपोरेशन ने घर बनाये हैं, मैं नहीं समझ पाता कि सीपीड्ब्ल्यूडी को इसमें क्या एतराज है। पुलिस कॉरपोरेशन अपने पैसे से मकान बनाए तो सीपीड्ब्ल्यूडी को नाराजगी नहीं होनी चाहिए। दिल्ली पुलिस का कल्चर, उसकी ट्रेनिंग, उसका वातावरण बदलने के लिए कुछ ठोस प्रयास होने चाहिए। दिल्ली देश का केन्द्र है और इस पर सारे देश की नजर रहती है। यहां गृह मंत्रालय है, संसद है, बड़े-बड़े ऑफिस हैं, सब कुछ है। इसलिए दिल्ली पुलिस पर खासतौर से गौर किया जाये।

मैंने स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट पढ़ी। उसमें लिखा है कि बी.एस.एफ. में कई प्रपोजल पैंडिंग हैं। बी.एस.एफ. की 15 बटालियन ऐसी हैं जिनके हैड-क्वार्टर्स ही नहीं हैं। उन्होंने नार्थ-ईस्ट में, पंजाब में, कश्मीर में अच्छा काम किया है। सैकिंड लाइन ऑफ डिफेंस की होते हुए भी वह मिलिट्रेंसी से लड़ती रही। बी.एस.एफ. ने भी ज्यादातर वही काम किया है जो डिफेंस फोर्सेज कर रही हैं। मिलजुल कर उनका काम चल रहा है, खुशी की बात है की अच्छे सहयोग के साथ चल रहा है। मैंने एक योजना उस समय प्रपोज की थी कि जम्मू में हम जैसे आर्मी के अलग से फैमलीज क्वार्टर्स बना रहे हैं वैसे ही बी.एस.एफ के लिए भी इस तरह की कंस्ट्रक्शन करें जिससे उनका परिवार जम्मू या आसपास के स्थानों पर रह सके तथा जवान और अधिकारी 15-20 दिन में अपने घरवालों से मिलने जा सकें। इससे उनका मनोबल ऊंचा बना रहता है। पता नहीं अब वह स्कीम कहां तक पहुंची है।

सीआरपीएफ के बारे में मैं इतना ही कहूंगा कि अगर देश में किसी फोर्स की उपयोगिता सर्वाधिक 98.5 प्रतिशत है तो वह सीआरपीएफ की है। लॉ एंड आर्डर के लिए

वे जिस भी प्रदेश में गये, उन्होंने वहां चुनौती भरा काम किया है। जहां भी चुनौती वाला काम होता है वहां उन्हें भी भेजा जाता है। इसलिए सारे देश में उनकी मांग बढ़ी है। नार्थ-ईस्ट वालों की तो हमेशा डिमांड रहती है कि सीआरपीएफ भिजवा दीजिए। इनकी उपयोगिता को देखते हुए इनके जो प्रौजेक्ट्स पैंडिंग पड़े हैं उन्हें दिखवाने की कोशिश करें।

सभापति जी, गृह मंत्रालय के अंतर्गत जो इंस्टीट्यूशंस हैं वे बहुत पुराने हैं, चाहे आईबी के हों, इंवैस्टीगेशन के हों या गृह मंत्रालय ही क्यों न हो। गृह मंत्रालय का एक वह भी पीरियड था जब सरदार पटेल जी कश्मीर पर नोट लिखा करते थे अगर मैं गलत नहीं हूं तो Shri Menon was the Home Secretary. वह दूसरा नोट लिखा करते थे। गृह मंत्री लिखा करते थे I do not agree. मैनन साहब फिर लिखा करते थे In the national interest, this is my submission or note. वह नोट कैबिनेट में जाया करता था और फिर कैबिनेट डिसाइड करती थी। यह गृह मंत्रालय का औचित्य था। ये इंस्टीट्यूशन्स थे तभी इकबाल चल रहा था। इंटैलीजेंस ब्यूरो एक इंस्टीट्यूशन है। मैं इनके बारे में कुछ कमजोरी की बात कह रहा हूं, लेकिन गृह मंत्री जी, आज इन्हें संभालने की जरूरत है। उसे संभालने की जरूरत है। उसमें सब कुछ हो गया है, आज उन बातों का जिक्र करने की जरूरत नहीं है। कई घटनाएं हुई हैं जहां हमारी फैल्योर दिखी हैं। कारगिल पर सारा देश कह रहा है कि पाकिस्तान को सबक सिखा दिया लेकिन आज बैठकर घर में देखने का वक्त है कि यह हुआ कैसे? आज तो हम इस बारे में सोच सकते हैं। हम आप्स में राजनीतिक लड़ाई लड़ सकते हैं लेकिन देश को तो अंधेरे में नहीं रख सकते कि देश में यह खामियां क्यों हुईं? उन्होंने रिपोर्ट नहीं दी, उन्हें पता ही नहीं लगा और मिलिट्री इंटैलीजेंस भी और आपकी रॉ भी और आई.बी. भी नहीं बता पाई और अगर बता पाई तो उस पर एक्शन नहीं हुआ। कोई तो गलती हुई। अगर दोनों सही थे तो उसके बाद भी ऐसी गलती हो गयी।

इंद्रजीत गुप्ता जी के जमाने में पुरलिया में एक एयर-ड्रापिंग हुई। ये सब ऐसी घटनाएं हैं जिन्से इन इंस्टीट्यूशंस को मजबूत करने का मौका मिलता है। इंस्टीट्यूशन्स को मजबूत करके, उन खामियों को दूर किया जा सकता है। मैं सिर्फ इतना ही कहूंगा कि इसको संभालने की आज जरूरत है और नार्थ-ईस्ट में हमने 7-8 स्टेट्स में सुधारने की शुरूआत की थी। जब तक खबर सही चैनल पर पहुंचती है काफी इंसीडेंट्स हो जाते हैं।

हमने डे-टुडे कोऑर्डिनेटिंग रखी थी। वहां एक ज्यौंट कंट्रोल रूम खोला था। वह आई.बी. के सुपुर्द किया था जिस्से हर किसी को एक दूसरे का पता रहे। आज नागालैंड में क्या हो रहा है, मिजोराम के मुख्यमंत्री को पता नहीं। आज मिजोराम में क्या हो रहा है, असम के मुख्यमंत्री को पता नहीं है। नॉर्थ ईस्ट मिलिटैंसी और इन्सर्जेंसी से भरा है। हमने इसलिए शुरुआत की थी कि सारी स्टेट्स में पता रहे। अगर मिलिटैंट्स नागालैंड से निकले हैं तो मणिपुर जाने से पहले थोड़ा आइड्या मणिपुर सरकार और वहां के अधिकारियों को रहे कि ये इन्सीडैंट्स होने वाले हैं। हमारी ऐसी प्रिकॉशनरी एप्रोच थी। अब पता नहीं वह चीज कहां तक पहुंची है? वह चल रही है या नहीं? मुझे खबर है कि वह स्लो चल रही है। पैसे की कमी को देखते हुए हमने जिस तरह इसे किया, वैसे आपको करना चाहिए। शिलौंग में कंट्रोल रूम खोल दिया था। हॉट लाइन चीफ मिनिस्ट्र्स को दे दी थी। इस्से जो इनसिडैंस होने वाले थे, वे रुक गए थे। पता नहीं वह किस स्टेज पर है? मुझे मोटा-मोटा याद है कि वह उतनी चल नहीं रही है। मैं पिछली बार शिलौंग गया था तो लोगों के मन में था कि ऐसे इनसिडैंट्स हो रहे हैं और उनकी ठीक से मॉनिटरिंग नहीं हो रही है।

दो विाय जो जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ ईस्ट के हैं, मैं उनके बारे में इस हाउस में बार-बार कहता रहा हूं। मैं यह बात इसलिए नहीं कहता रहा हूं कि हम सत्ता से बाहर हैं और आड्वाणी जी गृह मंत्री हैं। जब हम सरकार में थे तब भी कहते थे। हमने 1996 में भी कहा था कि हालत सुधारने के लिए प्रयास करने चाहिए। यदि अब की बार कश्मीर खराब हो गया तो इसे सम्भालना मुश्किल हो जाएगा। मैं कश्मीर होकर आया हूं। अभी चिट्टीसिंहपुरा में जो डैथ्स हुई तो मैं कश्मीर गया था। ऐसी बात नहीं है कि मैं विपक्षी सांसद की तरफ से बोल रहा हूं। मैं भारतीय नागरिक होने के नाते गृह मंत्री को चेतावनी दे रहा हूं और चिंता व्यक्त कर रहा हूं। आज कश्मीर बदल रहा है और अब की बार बदल गया तो मैं नहीं जानता कि आप उसे सम्भाल पाएंगे या नहीं? वह आज बहुत गिरावट में है। वहां राज्य सरकार चुन कर आई। हमने सोचा था कि केन्द्र और राज्य सरकार में कोऑर्डिनेशन होगा तो सुधार होंगे। जब हमारी यहां सरकार थी तो वहां राज्य सरकार नहीं थी। हमें अधिकरियों से काम लेना पड़ता था। मैं हर महीने वहां किस लिए जाता था? मैं वहां जाकर स्थिति नहीं सुधारता था। मैं वहां सारे काम ठीक नहीं करता था लेकिन वहां एक चैनल खुला था। मैं कश्मीरी और दूसरे भाइयों से बात करता था। एक रास्ता निकलता था। मैं आज सच्चाई से बता रहा हूं। पिछले दो साल से आप कह रहे हैं कि स्थिति सुधर रही है। उसका नुकसान यह हुआ कि फोर्सिज में लोग कहने लगे कि नेता लोग सुधार रहे हैं तो सुधारने दो। सच्चाई यह है कि पिछले दो साल से इनफिल्ट्रेशन बढ़ रहा है। स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट में माना गया है कि इनफिल्ट्रेशन बढ़ा है। कूपवाड़ा, बारामुल्ला, उरी सैक्टर में इनफिल्ट्रेशन बराबर बढ़ रहा है। कारण यह है कि जो कोआर्डिनेशन होना चाहिए था, स्टेट गवर्नमैंट, फोर्सिज और सैंट्रल गवर्नमैंट का, वह अच्छा नहीं हो सका जिस्से इस पर चैकमेट हो सकता। डिफेंस मिनिस्टर जब जवाब दे रहे थे तो मैंने उनसे सवाल पूछा था। उन्होंने कहा था कि हमारी फौज का उत्साह बराबर है लेकिन इनसिडैंट्स सच्चाई दर्शाते हैं। पहले भी एक इनसिडैंट हुआ था, आर्मी कंटोनमैंट के बादामीबाग में एक इनसिडैंट हुआ था। उसमें एक मेजर जनरल की डैथ हो गई थी। उसके कुछ कारण थे लेकिन आज तक बी.एस.एफ. के मेन गेट पर सुसाइड स्कॉयड जा रही हैं। वह पहले भी बनी थी लेकिन वे एफेक्टिव नहीं हो पाई। पिछले दिनों टेलिविजन में देख रहे थे कि किस तरह बी.एस.एफ. के हैड क्वार्टर को खाली करवाना पड़ा क्योंकि चार आदमी घुस गए थे और बाकी बी.एस.एफ. का सामान बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला गया। वहां हालत चिंताजनक है। वह दो तरीके से है - एक तो हमारा नैट इंटैलिजैंस कमजोर नजर आ रहा है और दूसरा जो कोऑर्डिनेशन था, वह खत्म हो गया। हमने पैरामिलिट्री फोर्सिज, आर्मी सिविल एथॉरिटी का एक कोआर्डिनेशन सैंटर बना दिया था। यूनिफाइड कमांड दोनों कोर की अलग-अलग कर दी गई थी। उस समय इसके चेयरमैन गवर्नर थे। आज चीफ मिनिस्टर हैं। मैं पढ़ रहा था कि चीफ मिनिस्टर उसके चेयरमैन बनाए हैं। बड़ी मुश्किल से पैरामिलिट्री फोर्स को मनाया था कि आप आर्मी के साथ लग कर काम करो। वह कह रहे थे कि हमारे क्षेत्र अलग-अलग बांट दो और एकाउंटेबिल्टी कर दीजिए। उनका सुझाव भी ठीक था लेकिन हम कोऑर्डिनेशन चाह रहे थे। वह कोऑर्डिनेशन आज ठीक नहीं चल रहा है। इसे आलोचना के रूप में मत लें। इसे देश के इंटरस्ट के नाम पर लें और पता करें कि क्यों कोऑर्डिनेशन ठीक नहीं चल रहा है? आज आर्मी की खबर बी.एस.एफ. के पास नहीं जा रही है और बी.एस.एफ. की खबर आर्मी के पास नहीं जा रही है। यही कारण है कि इनसिडैंट सोपोर में हुए हैं। मैं स्टैंडिग कमेटी की रिपोर्ट पढ़ रहा था। उसके चेयरमैन श्री प्रणव मुखर्जी हैं। चिट्टीसिंहपुरा में जब इनसिडैंट हुआ 10-12 घंटे तक वहां डी.सी. नहीं गए। The Deputy Commissioner of a District does not visit the site where 36 people have been killed.

क्या लोगों का मॉरेल रहेगा? जिस दिन अनंतनाग में यह इंसीडेंट हुआ था , मैंने वहीं कहा था कि जो मारे गये हैं, उनकी शक्लें सारे देश को दिखाओ क्योंकि इस्से हमारी फौजों की क्रडिब्लिटी गिरती है। जिस दिन हमारी फौजों या पैरा मिलिट्री फोर्सेज की क्रेडिबिलिटी गिर जायेगी, उस दिन कश्मीर बिलकुल 1989-90 जैसा हो जायेगा। जब वे दबा दिये गये थे, उस समय मैंने कहा था कि यह गलत हुआ है, बैठकर इसको साफ करो। जो लोग मारे गये हैं, वे टैरेरिस्ट्स थे या नहीं, अगर हमारे भाई कहते हैं कि इनकी शक्लें दिखाओ तो इनकी पहचान कराओ। हमने कानून बनाया था, हमने गाइडलाइन्स बनाई थीं कि कभी भी कोई भाई पकड़ा जाएगा, पुलिस को किसी को भी ले जाने का हक है, पुलिस या मिलिट्री किसी को कस्टडी में रख सकती है लेकिन 24 घंटे के अंदर उसके परिवार को बता दे कि आपका भाई पकड़ा गया है और हमारी कस्टडी में है। लेकिन आज पुलिस या पैरा मिलिट्री फोर्सेज सात-सात दिन नहीं बता रही है। अगर आज मेरे बेटे को फौज पकडकर ले जाये और मुझे सात दिन पता नहीं चले कि मेरे बेटा किस केस में पकड़ा गया है तो आप मेरे गुस्से को, अपने गुस्से को देख सकते हैं। इस देश में प्रजातंत्र है। मैं मानता हूं कि देश के हालात बुरे हैं लेकिन हालात ठीक करने के लिये सच्चाई की जरूरत है। अगर टैरेरिस्ट है तो टैरेरिस्ट है, चाहे वह किसी का बेटा ही क्यो न हो। यह बात यहां साफ करनी चाहिये कि इस डिस्क्रेडिबिलिटी के चलते बड़ा नुकसान हो जायेगा। बार्डर ऐरियाज में फौज को लोग भगवान मानते हैं। फौज अपने साथ साथ दवाइयां, खाना-पीना और कपड़े लेकर चलते हैं और मिल जुलकर काम करते हैं। अगर वातावरण बिगड़ जायेगा तो कश्मीर बहुत डिफिकल्ट हो जायेगा। वातावरण के लिये सच्चाई हमें हमेशा आगे रखनी पडेगी।

सभापति महोदय, जहां तक कश्मीर की हालत का सवाल है, माननीय गृह मंत्री जी ने अपनी रिपोर्ट में खुद पढ़ा होगा कि अप्रैल, 1999 से अब तक शायद ही एक या दो महीना ऐसा निकला होगा जब वहां इंसीडेंट न हुआ हो। सभापति महोदय, इस रिपोर्ट में बाकायदा तारीखें दी हुई हैं कि कितने कितने आदमी मारे गये, कितने

कितने इंसीडेंट्स कहां कहां हुये हैं। मैं ये सारे तथ्य देकर सदन का समय खराब नहीं करना चाहता लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि मिलिटेंसी सुपीरियर हुई है जबकि पहले सुपीरियर नहीं थी। हम पहले 5 मिलिटेंट्स के पीछे एक जवान खोया करते थे लेकिन आज तीन मिलिटेंट्स के पीछे हमारा एक जवान अपनी जान दे रहा है। इस प्रकार मिलिटेंसी सुपीरियर हुई है। उन लोगों के पास एम्युनिशन अच्छा है। मैं अखबारों में पढ़ रहा था कि कहीं से वे लोग रॉकेट लांचर ले आये हैं। सोपोर में रॉकेट लांचर से अटैक किया गया और कहीं कहीं मिसाइल्स भी ला रहे है। इसमें कुछ न कुछ सच्चाई तो है। हम मानते हैं जब आप कह रहे हैं कि इसके पीछे पाकिस्तान की फ्रस्टेशन है लेकिन उनकी फ्रस्टेशन के पीछे हम ढील नहीं दिखा सकते। हमें और सख्ती से उनके खिलाफ काम करना चाहिये और हमें सख्ती से मिलिटेंसी पर काबू पाना चाहिये, यही मेरी प्रार्थना है।

सभापति महोदय, सरकार की नीति के तहत कश्मीर में मिलिटेंट्स ने सरंडर किया था। मैंने उनके गांव में जाकर कहा कि आप लोग बंदूक छोड़ दो, मैं तुम लोगो को नौकरी दिलाऊंगा। मुझे एक इंसीडेंट याद है जब मैं कुछ लड़कों को दिल्ली में लेकर आया और उनको एक गैस्ट हाउस में ठहराया ताकि किसी प्राइवेट फर्म से बात करके उन लोगों को नौकरी दिलाने की कोशिश करूं । वे लोग 8 दिन तक वहां रुके रहे लेकिन मैं उनको नौकरी नहीं दिला सका। वे मेरे पास आये और कहने लगे कि पायलट साहब, हमें नौकरी दिलवाओ। दरअसल मैं उन लोगो को यहां से दूर बंगलौर भेजकर नौकरी दिलाना चाहता था ताकि वे देश के दूसरे हिस्से में आराम से रह सकें और कुछ नया सीखें। नौकरी न मिलने की सूरत में वे कहने लगे कि आप जल्दी करवाइये क्योंकि हमारी उंगली फड़क रही है। उन्होंने मुझे यह सब उर्दू में कहा था और साथ में बोले कि उन लोगों को बंदूक चलाने की आदत पड़ गई है। मेरा कहने का मतलब यह है कि उन लोगों के मन में ऐसी फीलिंग्ज थीं। जम्मू कश्मीर सरकार के पास ऐसे दो-ढाई हजार लोगों की पूरी लिस्ट है जिन्होंने सरंडर किया था। अब किसी न किसी तरीके से उनकी मदद की जा रही है और मीगर अमाउंट दिया जा रहा है। मैं चाहूंगा कि माननीय गृह मंत्री वह फाइल मंगवा लें और उन लोगो के लिये कुछ ऐसा करें ताकि वे दुबारा गलत रास्ते पर न जायें। उनके लिये एम्पलायमेंट का कोई रास्ता निकाल दें ताकि वे गलत रास्ते पर न जा सकें।

सभापति महोदय, मेरा दूसरा सुझाव यह है कि जब तक कश्मीर के माइग्रेंट्स वापस नहीं जायेंगे, हम दुनिया में कितना ही शोर क्यों न मचायें, कश्मीर में नार्मैल्सी नहीं आ सकती। वहां से 50-60 हजार परिवार निकाले गये हैं। जब तक ये वहां नहीं जायेंगे, नार्मैल्सी नहीं आ सकती। मैं चाहता था कि डिफेंस और होम मिनिस्ट्री के बजट में ऐसा एलोकेशन कर दें , श्रीनगर में बादामी बाग ऐरिया में उन माइग्रेंट्स के लिये क्वार्टर बना दें ताकि उनका सरकार के प्रति कांफिडेंस पैदा हो सके। वे अभी गांवों में नहीं जायेगे। जो छटीसिंहपुरा में इंसीडेंट हुआ है, उससे वे गांव में वापस नहीं जायेंगे लेकिन अगर बादामी बाग कंटोनमेंट एरिया जैसे सेफ प्लेस में उन्हें रख दिया जाये तो ठीक रहेगा। वहां से उन लोगों को आहिस्ता-आहिस्ता गांवों में भेजा जाये। जब ये लोग गांवों में चले जायें तो वे मकान मिलिट्री के काम आ जायेंगे।

फिर उन्हें सैपरेट फैमिली क्वार्टर्स में बदल सकते हैं। हमारा पैसा भी बर्बाद नहीं जायेगा। यह हमारा सुझाव है, उस पर सरकार क्या कर रही है, कहां तक पहुंची है। इसके अलावा हमने हर डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर पर एक कैन्टोनमैंट की प्लानिंग की थी जो खासकर हम डोडा एरिया में चाहते थे। उसके लिए पैसा भी सैंक्शन था, प्लानिंग से भी निकाला गया था। डोडा में कैन्टोनमैंट बहुत जरूरी है। मेरी खबर है कि काम कहीं चालू हुआ है। यह देश के हित में भी है, इलाके के हित में भी है और फौज के हित में भी होगा। हमने यह प्लान भी बनाया था कि वहां हमारी फौज के परिवार भी रहेंगे तो उससे वहां एक संतुलन बना रहेगा। उस विाय पर सरकार क्या कर रही है।

सभापति महोदय, अगली बात मैं कश्मीर के बारे में कहना चाहता हूं जो राज्य सरकार से डेवलपमैंट कोऑर्डीनेशन और राज्य सरकार की स्कीम का मामला है। मैं जानता हूं कि यह प्रांत की बात है। वहां चुनी हुई सरकार है अत: गृह मंत्रालय वहां ज्यादा इंटरफियर नहीं कर सकता है। लेकिन जब तक आप वहां विकास नहीं लायेंगे, गृह मंत्रालय वहां कुछ नहीं कर पायेगा। जब वहां विकास आ जायेगा तो लोगों में एक भावना पैदा हो जायेगी कि उनके इलाके और उनके भले की बात हो रही है और वे लोग आगे बढ़कर आपको सपोर्ट करेंगे, समर्थन करेंगे। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि डेवलपमैंट स्कीम्स का जिन तरीकों से भी काम हो सकता है, उनमें आप कोऑर्डीनेट करें।

सभापति महोदय, हमारे देश का एक दूसरा भाग नॉर्थ ईस्ट है। अभी हमारे एक भाई नियम 377 के अधीन वहां का मामला उठा रहे थे। नार्थ ईस्ट की एक बहुत पुरानी और लम्बी तकलीफ चली आ रही है - यह आज की बात नहीं है, उसमें कुछ शुरूआत हुई थी, मुझे पता है। नागा टाक्स किस स्टेज पर हैं, यह गृह मंत्री जी सदन को जरूर बतायें। आज दो साल हो गये हैं। वहां एक अच्छी शुरूआत हुई थी और मुझे खुशी है कि खपलान ग्रुप ने ऑफर किया है, पता नहीं उसका एन.एस.सी.एन.आई. पर क्या फर्क पड़ा है। आइजैक मूबा ग्रुप उसे मान रहा है या नहीं मान रहा है, उस पर गृह मंत्रालय का क्या विचार है। अगर ये दोनो ग्रुप बैठा दिये जाएं और नगालैंड में शांति आ जाए तो सारे नॉर्थ ईस्ट को एक शांति की लहर मिलेगी, चूंकि सारी बुनियाद यही है।

सभापति महोदय, मैं कई बार बता चूका हूं कि बंगला देश के कॉक्स बाजार जैसी जगह पर सभी आर्म्स डम्प होते हैं, वहां समुद्र का किनारा है जहां से ये कॉक्स बाजार से होते हुए त्रिपुरा, मिजोरम, मणिपुर और आसाम तक जाते हैं। हमें खबर है कि अब एन.एस.सी.आई. अपने इलाके के लिए ही नहीं और भी मिलिटेन्ट्स आउटफिट्स के लिए आर्म्स खरीदती है। इससे उन्हें पैसा मिलता है, इसलिए यह उनका बिजनेस हो गया है। क्या सरकार नागा टाक्स में किसी हद तक पहुंची है, यदि पहुंची है तो इन ट्रैक्स पर क्या रिस्ट्रिक्शंस लगाई हैं, क्योंकि इसमें हमारे कई जवान खो चुके हैं, पिछले दो-तीन महीनो में जैसी अखबारों में रिपोर्ट्स हैं। इसलिए नागा टाक्स पर क्या प्रोग्रेस है।

सभापति महोदय, दूसरा मुद्दा बोड़ो का है। हमारे बोड़ोलैंड के भाई कहते हैं कि एक काउंसिल बनाई थी, उनकी बोड़ोलैंड की मांग थी। हमने कहा कि काउंसिल के द्वारा डेवलपमैंट का काम करो, विकास करो और उसके बाद अपने इलाके को अपने हाथों से इंडिपेंडेन्ट ऑटोनोम्स बनाया जाए, जिससे उनमें एक कान्फीडेन्स आये। लेकिन दुख के साथ कहना पड़ता है और उसमें मैं भी उतना ही भागी हूं कि यह प्रयोग उतना सफल नहीं हो पाया। यह गृह मंत्रालय और आसाम गवर्नमैंट के बीच में अटक गया। कल मुझे एक ऑर्डर दिखला रहे थे जिसमें ए.जी.पी. के दूसरे मैम्बर्स, एम.एल.एज., वगैरह नोमिनेट कर दिये हैं और बोड़ो कोंसिल वाले वहां पर कम है। उससे लोगों में एक दूसरी फीलिंग्स जायेगी। मैंने अखबार में पढ़ा कि बोड़ो ने बात करने की कोशिश की है तो उसमें इस बात का जरूर विचार करे, चूंकि आसाम में उल्फा और बोड़ो दोनो के कम्बीनेशन से सारा आसाम खराब होता है। इसलिए मेरी प्रार्थना है कि बोड़ो से पीस टाक्स को जारी रखें और उसका कोई समाधान करके इस इलाके में शांति लाने की कोशिश करें।

जहां तक नॉर्थ ईस्ट के विकास की बात है, मैं समझता हूं कि इसके बारे में कई बार जिक्र हो चुका है। ये पांच-सात हमारी ऐसी स्टेट्स हैं जो बहुत सैंसिटिव है, लेकिन वे विकास में पीछे रही है। अब एक शुरूआत हुई है और अच्छी शुरूआत हुई है। वहां एक्स प्राइम मिनिस्टर गौड़ा जी गये थे, उससे पहले राजीव जी गये थे। उन्होंने अलग से नॉर्थ ईस्ट काउंसिल बनाकर एक शुरूआत की थी और उन्हें एक इंडिपेंडेंट आर्गेनाइजेशन बनाकर, उनके ऊपर ही सारे फैसले छोड़े थे। मेरी प्रार्थना है कि उसमें रोड्स और रेलवेज पर भी विचार करें। कहीं-कहीं रोड्स और रेलवे के कनेक्शंस नहीं हैं। अभी श्री सोमनाथ चटर्जी कह रहे थे कि पहले वहां एयर कनेक्शन ज्यादा थे। वे एयर कनेक्शंस दोबारा रिवाइव किये जाए, क्योंकि यही एक सहारा उन कैपिटल्स को जोड़ने का है।

सभापति महोदय, मैं एक बात सी.पी.एम.एफ., सैंट्रल पैरा मिलिट्री फोर्सेज की अकोमोडेशन की भूल गया। इनकी अकोमोडेशन की बहुत दिनों से चर्चा चल रही है और उन्होंने एक हजार करोड़ रुपए का प्रोजेक्ट कई बार दिया। आपने उन्हें अपनी मिनिस्ट्री की तरफ से 64 करोड़ अलॉट किये हैं। प्रोजेक्ट एक हजार करोड़ की हो और आप उसमें 64 करोड़ अलॉट करें तो यह एक बहुत ही मामूली सम है।

सभापति महोदय, ज्यादातर हर स्टेट में, नार्थ-ईस्ट में, जो सेंटर्स खुल रहे हैं, उनको देखकर आप प्रायर्टी देकर काम करें। स्टेट रीआर्गेनाईजेशन की हर प्रदेश में कुछ

मांग हो रही है। यू.पी. और बिहार की मांग सबके सामने है। हम लोग महाराट्र गए वहां भी यह मांग थी। हम आसाम में गए वहां भी बोडोलैंड की मांग थी। राज्यों के पुनर्गठन के बारे में कई बार बहस हुई है। उसके ऊपर एक कमेटी भी बैठी, लेकिन कोई निर्णय नहीं हुआ। जब इन बातों को देखते और अखबारों में पढ़ते हैं, तो इससे हमारे फैडरल सिस्टम की जो शक्ति है वह कम होती है। उनकी भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस बारे में एक निर्णय करना चाहिए जिससे राज्यों के पुनर्गठन के बारे में निर्णय हो सके और रोजाना के झगड़े बन्द हों और जो हम एक-दूसरे के खिलाफ बोलते हैं और उससे देश की जनता का जो नुकसान होता है, वह भी बन्द हो जाएगा। मुझे उम्मीद है कि जो रिपोर्ट आई है या आगे के लिए भी सरकार जो सोचे, उसे अंतिम निर्णय के रूप में स्वीकार करे ताकि रोजाना के झगड़े बन्द हों।

सभापति महोदय, सी.आर.पी.एफ. ग्रुप सेंटर सिलचर के बारे में एक बार बात चली थी, लेकिन अंतिम निर्णय नहीं हुआ। उसमें त्रिपुरा और आसाम दोनों का हिस्सा है। मैं अंतिम बात कहकर अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं. गृह मंत्रालय ऐतबार है और जब ऐतबार खत्म हो जाता है, तो देश में कमजोरी आ जाती है। मुझे उम्मीद है कि अड्वाणी जी सीनियर और सीजंड हैं, उन्हें देश के बारे में पता भी है। आज देश देख रहा है। कुछ ऐसी समस्याएं हैं जिनके बारे में कठोर निर्णय करना है और उन कठोर निर्णयों को करने में कोताही नहीं बरतनी चाहिए और देश का मनोबल ऊंचा तथा मजबूत बना रहना चाहिए।

अध्यक्ष महोदय, जैसा मैंने शुरू में कहा, बीमारी को शुरू से ही जड़ से काट देना चाहिए। यदि बीमारी को शुरू में ही काट दिया जाएगा, तो वह कैंसर में तब्दील नहीं होगी। सिंघल साहब को दोा देने की जरूरत नहीं है। आज आप में से कोई नहीं बोलेगा, लेकिन परसों हमारे यहां से कोई बोल देगा और फिर आपके यहां से कोई बोलेगा, फिर झगड़ा शुरू होगा। आपके एन.डी.ए. का मैनीफैस्टो है, उसका प्रोग्राम है। नहीं तो क्या होगा कि कोई एक बयान कोचीन से, बंगलौर से और मद्रास से आएगा और एक नई बीमारी शुरू हो जाएगी।

मुझे उम्मीद है कि गृह मंत्री महोदय, इन बातों पर ध्यान देंगे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

CUT MOTIONS

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया): माननीय सभापति महोदय, गृह मंत्रालय के बजट वर्ा 2000-2001 के पक्ष में बोलने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। गृह मंत्री के रूप में माननीय आड्वाणी जी हैं। एन.डी.ए. की सरकार माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में चल रही है। जब राजेश पायलट जी बोल रहे थे, तो मैं सोच रहा था कि वे हमारे भू.पू. गृह मंत्री रहे हैं इसलिए कुछ ऐसी बातों का उदाहरण अवश्य देंगे, जो इस सरकार की उपलब्धियों की ओर इंगित करेगी। मैं सबसे पहले तो माननीय प्रधान मंत्री जी और गृह मीं जी को बधाई देना चाहता हूं क्योंकि उनके आने के बाद दंगे बहुत कम हुए हैं। इसमें मैं किसी को दोा नहीं देना चाहता हूं, लेकिन यह सत्य है कि पूर्व में जितने दंगे होते थे, उनसे एन.डी.ए.की सरकार के शासन में कम दंगे हुए हैं। मेरे पास आंकड़े हैं। मैं उसके बारे में आंकड़े दे सकता हूं। जब से माननीय प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनी है, जब से माननीय आड्वाणी जी गृह मंत्री बने हैं, तब से दंगों में भारी कमी आई है। मैं बहुत पुराने आंकड़े नहीं देना चाहता हूं। मैं 1996 से आंकड़े दे रहा हूं। 1996 में 728 दंगे हुए, 209 लोग मारे गए और 2057 घायल हुए। 1997 में 725 दंगे हुए, 264 लोग मारे गए, 2503 लोग घायल हुए. 1998 में 626 दंगे हुए, 207 लोग मारे गए और 2065 घायल हुए।

16.00 hrs.

इसी दिसम्बर महीने मे यानी 6.12.99 को एक प्रश्न पूछा गया था कि वर्तमान वर्ा में कितने दंगे इस देश में हुए? वह आंकड़े मात्र 15 हैं। यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। मैं सोच रहा था कि जब माननीय राजेश पायलट जी बोलेंगे तो दंगों में जो कमी आई है, उसका भी उल्लेख करेंगे। लेकिन आप लोगों के बीच में सबसे बड़ी परेशानी यह है कि श्री अटल बिहारी जी की सरकार में दंगें क्यों नहीं हो रहे। यही सबसे बड़ी परेशानी है। â€¦(व्यवधान)

श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) : दंगे करने वाले लोग ही इधर आ गये हैं। â€¦(व्यवधान)

डा. मदन प्रसाद जायसवाल : आज जो सबसे बड़ी उपलब्धि है, उसका कहीं भी जिक्र नहीं है। जब देश आजाद हुआ था तो विरासत में हमें इस देश का बंट्वारा मिला था। भारत और पाकिस्तान के रूप में दो देशों का बंट्वारा हुआ। जब अंग्रेज यहां से गये तो विरासत में ऐसी बातें छोड़ गये जो देश के टुक्ड़े-टुक्ड़े कर देतीं। अगर उस समय के गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल न होते तो पता नहीं इस देश की क्या दुर्दशा होती। अंग्रेजों ने सारे रज्वाड़ों को फ्री कर दिया कि वे चाहें तो पाकिस्तान में चले जायें, हिन्दुस्तान में चले जाये या इंडिपैंडेंट हो जायें।

मैं हैदराबाद के निजाम की बात करना चाहूंगा। उस समय के गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अंग्रेजों द्वारा दिया गया चैलेंज स्वीकार किया। वे देश को जिस अवस्था में लाये, वह सबको मालूम है। आज हम उसका उदाहरण देते हैं। मैं किसी पर आरोप नहीं लगाना चाहता लेकिन पिछले 50 वर्ाों में जिन लोगों का राज था, उन लोगों ने हमें विरासत मे क्या दिया? उन्होंने हमें आतंक्वाद दिया। अल्पसंख्यकों की चर्चा मैं बाद में करूंगा लेकिन जब कश्मीर के अल्पसंख्यकों की बात आती है तो क्या ये अल्पसंख्यक हिन्दू नहीं हैं? क्या ये अल्पसंख्यक मुसलमान नहीं हैं, ईसाई नहीं हैं। कश्मीर में हमारे हिन्दू अल्पसंख्यक हैं, जबकि सब जगह हमारे मुसलमान भाई अल्पसंख्यक हैं, कहीं-कहीं ईसाई अल्पसंख्यक भी हैं। हमें आपके द्वारा आतंक्वाद विरासत में मिला है।

नार्थ ईस्ट में आपने डेवलपमैंट के लिए कोई कार्र्वाई नहीं की जिसका नतीजा यह हुआ कि हमें वहां इंसर्जैंसी मिली। राज्यों के बंट्वारे हो गये। असम सात टुक्ड़ों में जरूर बंट गया लेकिन क्या आज पूर्वोत्तर क्षेत्र अशांत नहीं है? आज नेपाल के बॉर्डर पर जो घटनायें घट रही हैं, उस तरफ मैं माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान आकृट करना चाहूंगा क्योंकि मैं नेपाल के बॉर्डर क्षेत्र से आता हूं।

श्री लाल कृण आड्वाणी जी हमारे गृह मंत्री बने हैं। आप लोगों ने हमें विरासत में पिछले 50 वर्ाों की व्यवस्था दी है। कश्मीर में हिन्दुओं का पलायन किसके समय में हुआ? जब वहां से हिन्दू भागे तब वहां किसका राज था? वहां से ब्राह्मणों का पलायन किसके राज में हुआ? जब उनका पलायन हुआ और वे दिल्ली की सड़कों पर मारे-मारे फिरते थे तब किसी भी प्रधान मंत्री ने उनसे बात करने की हिम्मत नहीं की। उनके दुख दर्दों को सुनने के लिए, उनकी व्यवस्था करने के लिए कोई भी प्रधान मंत्री नहीं गया। वहां के ब्राह्मण जो आज अपने घरों में नहीं लौट पाये, वह किनके राज में हुआ?

आज कश्मीर की बात हो रही है। राजेश पायलट जी ने डोडा की बात कर रहे थे। हम उनसे सहमत हैं कि डोडा में अवश्य कन्टोनमैंट खोला जाना चाहिए। मैं सोच रहा था कि आप इस घटना के बारे में भी जिक्र करेंगे, लेकिन आपने नहीं की। इसी 13 तारीख को डोडा में एक घटना घटी जिसमें 6 हिन्दू लड़कों को वहां की पुलिस पकड़कर ले गयी। उन्हें बंद करके रखा गया। जहां हिन्दुओं का वर्च्स्व है, वहां कभी भी ऐसी घटना नहीं घटी। वहां 6 हिन्दुओं के गुप्तांगों को काट लिया गया। वे पुलिस के पदाधिकारी थे जिन्होनें ऐसा काम किया। मैं गृह मंत्री जी का ध्यान इस तरफ भी आकृट करना चाहूंगा कि वहां के पुलिस अधिकारियों ने उनके गुप्तांगों को काट लिया।

उसको रोस्ट किया गया और रोस्ट करके उनके सामने खाया गया। उसमें एक व्यक्ति मर गया और पांच व्यक्ति आज भी अस्पताल में पड़े हुए हैं। क्या इस सदन में उसकी चर्चा नहीं होनी चाहिए, इसलिए कि वे हिन्दू हैं? उन हिन्दुओं के साथ घटना घटी है, इसलिए आप नहीं बोलेंगे। यदि मुसलमान के साथ, ईसाई के साथ

घटना घटे तो हमें भी दुख होता है।

कुंवर अखिलेश सिंह (महाराजगंज, उ.प्र.) : इसके लिए कौन जिम्मेदार है, वहां आप की ही सरकार है।

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल : जिस समय प्रभुनाथ सिंह जी ने और हम लोगों ने यह प्रश्न उठाया कि बिहार में राजनैतिक हत्याएं हो रही हैं, तो आपने कहा कि यह प्रदेश का मामला है। विधि व्यवस्था प्रदेश का मामला है, यह आप मत उठाइये। जब उस प्रदेश में विधि व्यवस्था के बारे में, वहां की पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की बात मैं कर रहा हूं तो आप कह रहे हैं कि गृह मंत्री को कहिये। क्या विधि व्यवस्था गृह मंत्रालय के हाथ में है। यह राज्यों की व्यवस्था है, इसलिए गृह मंत्रालयâ€¦ (व्यवधान)

कुंवर अखिलेश सिंह : इसको आप देखिये। जम्मू कश्मीर की जो सरकार है, उसके आपका ही समर्थन प्राप्त है। â€¦ (व्यवधान)

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल : मैं यील्ड नहीं कर रहा हूं।

सभापति महोदय : अखिलेश सिंह जी, बैठिये। मैंने आपको इजाजत नहीं दी है, कृपा करके आसन ग्रहण कीजिए। â€¦ (व्यवधान)

श्री प्रवीण राट्रपाल (पाटन) : वहां की बात भी होनी चाहिए, सभी हत्याओं की बात होनी चाहिए।

डॉ. मदन प्रसाद जायसवाल : मैं गृह मंत्री जी का ध्यान इसलिए आकर्ति करना चाहता था कि इसकी जांच होनी चाहिए और जो पुलिस के पदाधिकारी उनको पकड़कर ले गये थे, जिन लोगों ने इस तरह का इनह्यूमन काम किया है, यह पाकिस्तान की तरह काम हुआ है। कारगिल के युद्ध में जब हमारा एक मिग विमान गिराया गया तो हमारे एक पायलट के साथ भी इसी तरह की व्यवस्था की गई। उसके गुप्तांग भी काटे गये, उसे जीवित मारा गया। उसी तरह की घटना कश्मीर की पुलिस छः हिन्दुओं के लड़कों के साथ करे, यह जांच का विाय है। मैं आज माननीय गृह मंत्री जी से मांग कर रहा हूं कि इस विाय को लेकर जांच करें और दो दोाी पदाधिकारी हैं, उन्हें उचित सजा मिलनी चाहिए, उन्हें भारी से भारी सजा इसके लिए मिलनी चाहिए। यह इतनी बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण घटना है, जिसके बारे में मैं सोच रहा था कि माननीय पायलट जी इसकी भी चर्चा करेंगे। कश्मीर की चर्चा मैं भी शुरू करना चाहता हूं। पायलट जी, कश्मीर में हमारी पार्टी का बलिदान है। डा. श्यामा प्रसाद मुकर्जी को हम लोगों ने कश्मीर में खोया है। इस सदन में हम दो थे, आज दो से बढ़कर यह स्थिति हो गई कि माननीय अटल बिहारी वाजपेयी प्रधान मंत्री और माननीय आड्वाणी जी हमारे गृह मंत्री हैं। आपको इस बारे में सोचना चाहिए कि हम दो से बढ़े हैं। आपको अपनी गलतियों की तरफ देखना चाहिए कि आप लोगों ने कहां गलतियां की हैं और आपने हमें कहां से कहां लाया है। हमारी पार्टी ने डा. श्यामा प्रसाद मुकर्जी के रूप में उस जगह पर बलिदान दिया है। उस समय जब हमने यह कहा कि एक विधान, एक निशान और एक प्रधान हमारा नारा है, उस समय दो संविधान चलते थे, दो प्रधान मंत्री हुआ करते थे, दो झंडे हुआ करते थे। हमारे डा. श्यामा प्रसाद मुकर्जी का बलिदान है, कश्मीर को लेकर। आज कश्मीर को लेकर जो बात हुई है, उसमें आज कश्मीर और पूरे देश में आई.एस.आई. का जाल बिछा हुआ है। आज आई.एस.आई. की तरफ से जो घटनाएं घट रही हैं, उसके बारे में भी मैं कुछ कहना चाहूंगा, लेकिन आज हिन्दू अल्पसंख्यकों की बात मैं कर रहा हूं। केवल कश्मीर की बात मैं नहीं करना चाहता, मैं उन स्थानों की बात करना चाहता हूं, जहां पर हिन्दू सही मायनों में गांवों में जहां वे अल्पसंख्यक के रूप में हैं, उन स्थानों पर, जब मैं बिहार विधान सभा में विधायक था तो चम्पारन के ढाका के स्थान पर मैं जांच करने के लिए गया था। वहां मुस्लिम आबादी है, केवल सात घर नोनिया परिवार के हैं, जो अति पिछड़ी जातियों में आते हैं, जो नमक बनाने वाली जाति होती है, उसको नोनिया कहा जाता है। उन सात परिवारों ने होली के समय होली गाई और होलिका का दहन किया। उसकी एवज में वहां के दूसरे वर्ग के लोगों ने उनके घरों में आग लगा दी और उन्हें आग में जीवित फेंक दिया गया। यह किसके साथ घटना घटी है, इसके बारे में आप कहीं कोई चर्चा नहीं करिएगा ?

अभी हाल ही में पूर्णिया जिले में संथालों के साथ घटना घटी। वहां जहां मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है, करीब 12 संथालों के घरों को जला कर उन्हें भी उसमें जीवित फेंक दिया गया। मैं केवल कश्मीर के हिन्दू अल्पसंख्यकों की बात नहीं कर रहा हूं, अन्य जगह भी हिन्दू अल्पसंख्यक हैं। लेकिन ऐसी घटनाएं वहां नहीं घटती हैं जहां हिन्दू 90 प्रतिशत और मुस्लिम भाई दस प्रतिशत होते हैं।

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में हमारे एक मित्र हैं। वे सेमिनार आयोजित करने में बड़े माहिर हैं। उन्होंने एक सेमिनार आयोजित किया। भारतीय जनता पार्टी के सांसद होने के नाते मुझे भी उसमें बुलाया। उन्होंने कहा कि आप भी इसमें भाग लें। उसका विाय था -'Secularism in India, its meaning, its importance and its relevance'. इस विाय को लेकर जमाते इस्लामिक और अन्य मुस्लिम संगठनों के लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। जब मेरी बारी आई तो मैंने कहा कि यह पूरी चर्चा ही बेमानी है। जब तक इस देश में हिन्दू बहुसंख्यक रहेगा, यह देश सेक्युलर रहेगा। इसको धर्म निरपेक्षता से कोई नहीं हटा सकता है। यह सारी चर्चा धर्म निरपेक्षता पर की जा रही है, यह बेमानी है।

देश का बंट्वारा क्यों हुआ। ऐसा नहीं था कि पाकिस्तान से हिन्दू लोगों को भगा दिया जाएगा, क्योंकि वहां मुसलमान मैजोरिटी में थे। जिन्ना साहब ने सोचा था कि हिन्दुस्तान में रहते हुए, जवाहर लाल नेहरू जी के रहते हुए वे कभी इस देश के प्रधान मंत्री या राट्रपति नहीं बन पाएंगे, इसीलिए उन्होंने देश का बंट्वारा करा कर पाकिस्तान को जन्म दिया। यह कभी विचारधारा नहीं थी कि वहां से हिन्दुओं को भगा दिया गया, यदि ऐसा होता तो यहां से मुसलमानों को भगा दिया गया होता। आजादी के बाद हमारे देश में मुसलमानों की संख्या दस गुना बढ़ी है। जबकि पाकिस्तान में जो हिन्दू थे, उनका क्या हुआ, वे कहां गए, कुछ पता नहीं है। इसलिए यदि इस देश में लोकतंत्र है तो वह हिन्दुओं की वजह से है, यदि इस देश में धर्म निरपेक्षता है तो वह हिन्दुओं की वजह से है। जबकि ऐसा नहीं होने पर हमारी बगल में ही दो देश पाकिस्तान और बंगला देश बन गए।â€¦ (व्यवधान) मैं कह रहा हूं, मेरी बात सुन लीजिए।â€¦ (व्यवधान)

सभापति महोदय, मुझे आपका संरक्षण चाहिए।â€¦ (व्यवधान)

श्री जे.एस. बराड़ (फरीदकोट) : सभापति महोदय, मेरा व्यवस्था का प्रश्न है। माननीय सदस्य यह फरमा रहे हैं कि लोकतंत्र और धर्म निरपेक्षता केवल हिन्दुओं की वजह से इस देश में कायम है। यह ठीक है कि उनका इसमें योगदान है, लेकिन जो अल्पसंख्यक हैं, उनका भी योगदान है, जो उन्होंने इसको बरकरार रखा है इसलिए इनके ये रिमार्क एक्सपंज होने चाहिए।

सभापति महोदय : मैं देखूंगा।

डा. मदन प्रसाद जायसवाल : आज पाकिस्तान में क्या है। आज वह एक इस्लामिक राट्र बन गया है। वहां लोकतंत्र नहीं है। जिस दिन यहां अटल बिहारी वाजपेयी जी प्रधान मंत्री पद की शपथ ले रहे थे, उस दिन पाकिस्तान में फौजी शासन कायम हो रहा था।

कुंवर अखिलेश सिंह : ये क्या समझाना चाहते हैं, ये पड़ौसी देश नेपाल के किनारे रहने वाले हैं। क्या उसी हिन्दू राट्र की बात कर रहे हैं, जबकि वहां तो कई सौ साल तक राजशाही का राज रहा है।

डा. मदन प्रसाद जायसवाल : यह देश इसलिए लोकतांत्रिक और धर्म निरपेक्ष है कि यहां हिन्दू बहुसंख्या में हैं। बंगला देश जब आजाद हुआ 1971 के युद्ध के बाद तो वहां के शेख मुजीबुर्रहमान ने कहा था कि उनका भी देश सेक्युलर होगा। लेकिन वहां क्या हुआ, बंगला देश भी इस्लामिक देश हो गया है। वहां की फौज ने एक बार प्रशासन में दखल दिया और शेख साहब मारे गए। जब तक इस देश में हिन्दू बहुमत में हैं, यह देश सेक्युलर और डेमोक्रेटिक रहेगा। जब पायलट जी बोल रहे थे, वे आई.एस.आई. की चर्चा कर रहे थे।

जो आई.एस.आई. की गतिविधियां हैं, हमारे गृह मंत्री जी अवश्य चिंतित हैं। हम लोग भी प्रतीक्षा कर रहे हैं कि आई.एस.आई. पर श्वेत पत्र कब आएगा। हम उसे देखना चाहते हैं। मैं जिस क्षेत्र से आया हूं, वह नेपाल का बॉर्डर है। मेरे चुनाव में पाकिस्तान ने पांच सौ रुपये के नकली नोट चलाये। मेरे विरोधियों के द्वारा इतने नोट बांटे गये कि मुझे लगा कि मुझे हरा देने की पूरी व्यवस्था कर दी गई है। नेपाल के माध्यम से पांच सौ रुपये के इतने नोट पाकिस्तान से आ रहे हैं। आपका 1993 का, जिस समय पायलट जी यहां के गृह मंत्री जी थे, मुम्बई में बम विस्फोट हुआ और वह व्यक्ति इतने दिनों के बाद हमारे रक्सोल में पकड़ा गया। दाउद इब्राहिम के गिरोह के तीन व्यक्ति हमारे रक्सोल में पकड़े गये। इस पूरे इलाके में आई.एस.आई. का जाल बिछा हुआ है। मैं गृह मंत्री जी से मांग करता हूं कि आप बॉर्डर डैवलपमेंट की बात कर रहे हैं। क्या बॉर्डर डैवलपमेंट पाकिस्तान या बंगलादेश का होगा या बिहार का और उत्तर प्रदेश का वह इलाका जो नेपाल के साथ जुड़ा हुआ है, उस इलाके का भी बॉर्डर डैवलपमेंट होगा ? होना चाहिए। आज पिछले दस वर्षों में गृह मंत्रालय की कंसलटेटिव कमेटी की रिपोर्ट है, पिछले दस वर्षों में 29151 नागरिक आई.एस.आई. के द्वारा इस देश के मारे गये हैं। 5101 हमारे अर्ध सैनिक बल और सेना के बल के लोग मारे गये हैं। करीब 2000 करोड़ रुपये की सम्पत्ति सरकारी और निजी सम्पत्तियों का नुकसान हुआ है। इस देश में 46000 करोड़ रुपया बाढ़ और सड़कों के निर्माण पर खर्च हुआ है। 18500 करोड़ रुपया हम उनके फेंसिंग और काउंटर टेरेरिस्ट एक्टिविटीज पर खर्च किया है। यह पिछले दस वर्षों का ब्यौरा है। 51900 आर.डी.एक्स.इस देश में आई.एस.आई. के द्वारा लाया गया जिसमें मात्र 45750 कि.ग्रा. पकड़ा गया। पता नहीं यह टिप ऑफ दि आइस वर्ग है या क्या है। जिस तरह से इस देश में आर.डी.एक्स. आया, मैं उसके बारे में नहीं जाना चाहता। मैं इसके लिए किसी को दोषी भी नहीं बनाना चाहता ।

कुंवर अखिलेश सिंह : मंत्री जी को ही आरोपित कर रहे हैं। इनकी सेना बॉर्डर पर क्या कर रही है ?

डा. मदन प्रसाद जायसवाल : मैं उसको दोष नहीं देना चाहता। मुम्बई और कलकत्ता के बम विस्फोट में आर.डी.एक्स कहां से आया ? किस जहाज से लाया गया और उस समय किनका राज था ? मैं आरोप भी नहीं लगाना चाहता और न ही मैं उसमें जाना चाहता, लेकिन मैं इन बातों को रखना चाहता हूं। पिछले दस वर्षों में 7125 पाकिस्तानी और विदेशी इंफिल्टेर्ट्स इस देश में आ गये। यह सारी व्यवस्था आपने हमें विरासत में दी है। जो यह सरकार इस बात की व्यवस्था कर रही है और हमारे गृह मंत्री जी को जो विरासत में मिला है, इसका सारा निदान निकलेगा। बिहार पर आज चर्चा चल रही थी। सभापति महोदय, आप जब इधर होते हैं तो बेसी नाराज हो जाते हैं। आप जब वहां होते हैं तो सही मायने में निपक्ष हो जाते हैं।

सभापति महोदय : निपक्ष कुर्सी है।

डा. मदन प्रसाद जायसवाल : आज जब चर्चा चल रही थी तो प्रभुनाथ सिंह ने बूटन सिंह की हत्या के बारे में चर्चा की। पिछली लोक सभा में भी जब एक विधायक की हत्या की गई और एक विधायक नहीं तीन विधायक बिहार के मारे गये और सभापति जी, उसमें से दो तो आपकी पार्टी के थे। आज अभी जो गुरुदास चर्टजी मारे गए। विजय सिंह सोये कांग्रेस के बारहवी लोक सभा के सदस्य रहे, वे बिहार में मारे गये। बृज बिहारी प्रसाद आपके मंत्री रहे हैं और बिजली मंत्री आप बिहार के थे और उसके बाद बृज बिहारी प्रसाद बिहार के बिजली मंत्री हुए, वह मारे गये, देवेन्द्र दुबे मारे गये। पूर्णिया के सी.पी.एम. के विधायक अजीत सरकार मारे गये।

बिहार में जो घटनाएं घट रही हैं उस और मैं आडवाणी जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा और इन सब बातों को विधान सभा में उठाया जाता है तो वहां भी मार-पीट हो रही है। बिहार की ऐसी दुर्दशा हो रही है।...(व्यवधान) कभी-कभी मेरा सिर भी शर्म से झुक जाता है, जब मैं कहता हूं कि मैं बिहार का हूं।

महोदय, एक शोक प्रस्ताव आया थे कि इस पर जो भी घटनाएं घटीं, जिसका भी कसूर हो, किन यह बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी है। मैं इस विषय में और कुछ नहीं कहना चाहता। इसमें कौन-कौन कसूरवार है, लेकिन बिहार में क्या हुआ। हमारे मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं, उन पर हमला हुआ, जब यह अपने क्षेत्र में गए। यह अस्पताल में भर्ती हुए, वहां की पुलिस को कार्यवाही करनी चाहिए थी, उन्होंने नहीं की। गृह मंत्री जी ने बीएसएफ का प्लेन उनकी चिकित्सा के लिए भेजा। उन्हें प्लेन से लाया गया और दिल्ली में उनकी चिकित्सा हुई लेकिन आज तक उस आदमी को गिरफ्तार नहीं किया गया।

महोदय, जब प्रधानमंत्री जी खगड़िया गए थे, मैं भी गया था। विधान सभा के चुनाव में गया था और उसी समय शरद यादव जी और नीतीश कुमार जी दोनों हैलीकाप्टर से आए। जिस जगह पर भाषण देने के लिए गए हुए थे वहां लोगों ने उनके हैलीकाप्टर पर ईंट और पत्थर गिराए। वे लोग जीवित बच कर आ गए, लेकिन बिहार में पुलिस की कोई कार्यवाही नहीं हुई। बिहार में आज नेपाल के बार्डर पर क्या हो रहा है। उस बार्डर से आज आर्म्स की इतनी बड़ी एके 47, पिस्तोल वहां से आ रहे हैं। मैं मंत्री जी से आग्रह करूंगा, देश की सुरक्षा को लेकर आईएसआई के एजेंटों द्वारा कराया जा रहा है और जब इस तरह की बात होती है तो मैं मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि कृपया सुरक्षा को लेकर भी जो यह घटनाएं घटी हैं, पुलिस के द्वारा क्या कार्यवाही की गई, कम से कम इस बारे में भी हमें जानकारी मिलनी चाहिए। ...(व्यवधान) आपने कहा था कि विधि व्यवस्था राज्य का मसला है, इसे यहां नहीं उठाया जाना चाहिए। अब जब मैं इस विषय पर चर्चा कर रहा हूं।...(व्यवधान) मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि सुरक्षा को लेकर भी वह कार्यवाही करें। आज कोई भी सांसग, विधायक बिहार का सुरक्षित नहीं है। मैं खुद कोई सुरक्षा लेकर नहीं चलता। हमारे कुछ सांसद, विधायकों को जरूर सुरक्षा चाहिए, उन्हें सुरक्षा दी जानी चाहिए। जिस तरह बिहार में राजनीतिक हत्याएं हो रही हैं, यदि मंत्री जी हमारे ऊपर ध्यान नहीं देंगे तो किसी दिन और लोगों की भी हत्याएं होंगी। अभी हमारे विधान सभा के चुनाव में मेरे क्षेत्र में सात लोग मारे गए, बूथ केप्चर करने गए हुए थे, उसमें से एक आदमी ऐसा था, जो इंडिया मोस्ट वांटेड था। मैं पुलिस को बधाई देना चाहूंगा कि पुलिस ने तत्परता के साथ कार्यवाही की, बूथ लूटेरे केवल दो बूथ लूट पाए थे कि उन्हें पकड़ लिया। सैंट्रल पुलिस गई हुई थी, लेकिन यह घटना घटी। उसमें इंडिया मोस्ट वांटेड था, उसके ऊपर एक लाख रुपए का इनाम था। गुजरात, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में उसके ऊपर केस थे। आज मैं सुरक्षा की बात कर रहा हूं।

सभापति महोदय, गृह मंत्रालय के अंतर्गत राजभाषा हिंदी भी है। जब देश आजाद हुआ और संविधान बना तो कहा गया कि हिंदी देश की राजभाषा होगी। लेकिन हिंदी की दुर्दशा को देखकर बहुत पीड़ा होती है। मैं माननीय गृह मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि हमारे जो सांसद अहिंदी भाषी क्षेत्रों से आते हैं उनके लिए हिंदी सिखाने की व्यवस्था की जाये जिससे हम उनके साथ विचारों का आदान-प्रदान हिंदी में कर सकें।

श्री अनिल बसु (आरामबाग) : आप भी तमिल सीखिये।

श्री प्रियरंजन दा्समुंशी : कृपा ्करके आप ध्यान ्से ्सुनिए। ज्ब मंत्री जी इ्सका ज्वा्ब देंगे त्ब ्वह इ्सका ्स्पटीकरण कर देंगे।

Kargil was the first blunder. It happened due to Intelligence lapse. The next blunder was the hijacking of IC-814. We find that Indian Ambassador is happy that Bill Clinton has certified that things are going on well. Please do not get enamoured by these things. Try to understand what is happening. In the Home Ministry's report there is a mention about National Security Guards. It is said that they are specially trained in counter hijacking operations. What were they doing on that day when the plane landed at Amritsar for 45 minutes? Was the Prime Minister informed about it immediately? Did Intelligence give any indication that ISI activities are at an extreme point in Kathmandu? Did Intelligence give any indication or information to the effect that hijacking can take place? No.

Shri L.K. Advani is being compared with Sardar Patel. Sardar Patel forced the British and the *Maharajas* to kneel down before this nation. But Shri L.K. Advani forced Shri Jaswant Singh to kneel down before the hijackers in Kandahar. That is the difference. These are two different models. Try to understand that. Do not try to compare. Yesterday, the hon. Prime Minister rightly argued on the issue of Constitution. The Constitutional matters are very important. When the issue comes up, we will speak about it. The magazine that I am having now is *BJP Today.* Shri L.K. Advani has given an interview to this magazine. Hon. Home Minister is not an ordinary M.P. He is not a party official. He is the Home Minister of this country. If he wants to offer his comments about the Constitution, is it not the privilege of the House to listen to his views first? Before the Panel was appointed, he gave an interview to this magazine on the issue of Constitutional review.

We always accuse the Government on the issue of hidden agenda and it does always feel bad about it. This magazine, *BJP Today* has printed a preamble which is different from the preamble mentioned in the Constitution. In the Constitution it is mentioned as, `Sovereign, Socialist, Secular, Democratic Republic', but this magazine's preamble is `Sovereign, Democratic Republic'. This magazine has not printed the preamble as mentioned in the Constitution.

श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज) : इ्सका क्या मतल्ब है?

श्री प्रियरंजन दा्समुंशी : मतल्ब ्यह है कि ्यही एजेण्डा आप प्लीड करना चाहते हैं। आप दोनों का फर्क देख्ये न। आप कां्स्टीट्यूशन ऑफ इंड्या और ्बी.जे.पी. टुडे का प्रिएम्बल देख्ये। इ्से आप खुद देख्ये न। ्यह क्या है? ्यह अ्सत्य है? इ्सी में आड्वाणी जी ने इण्टरव्यू देकर कहा कि कांग्रेस ने इ्सलिए ज्यादा दिन राज कि्या, क्योंकि प्रपो्र्शनल रिप्रेजेण्ट्ेशन ्सब छोटी पार्ट्यों को नहीं मिला। अगर प्रपो्र्शनल रिप्रेजेण्ट्ेशन का मॉडल ्बनता तो देश की त्स्वीर कुछ दू्सरी होती।

Home Minister cannot give his official views anywhere except in Parliament, because he is the Home Minister. He is not a party office bearer. Since he is the Home Minister, he has to ensure the confidence of all sections of the people of this country. I am not challenging his *bona fide.* His party magazine published a preamble which is not the preamble of the Constitution. In that magazine he has given an interview.

SHRI TRILOCHAN KANUNGO (JAGATSINGHPUR): Mr. Chairman, I am on a point of order. The preamble printed in the magazine is the preamble of the original Constitution.

MR. CHAIRMAN : Kindly quote the rule, otherwise you cannot raise the point of order.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I am not allowing you.

...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: It will not go on record.

*(Interruptions)**

***Not Recorded.**

श्री रामानन्द ्सिंह (सतना) : आपने इमर्जेंसी लगाकर त्ब ्यह क्या थाâ€¦(व्यवधान) ्यह जो आप पढ़ रहे हैं, ्यह ओरिजनल नहीं है, आपने चेंज की थीâ€¦(व्यवधान)

श्री प्रियरंजन दा्समुंशी : आप कहें कि कौन ्सी ्सही है। जो मौजूदा प्रिएम्बल है ्या जो आपकी है, आपको उ्समें लिखना चाहिए कि हमारी ्भारती्य जनता पार्टी इमर्जेंसी के पहले जो प्रिएम्बल थी, उ्स पर अमल करेगी, ्सच कहने में क्यों डरते हैं। â€¦(व्यवधान)

श्री रामानन्द ्सिंह : आपने इमर्जेंसी लगाकर ्संविधान ्संशोधन क्याâ€¦(व्यवधान)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): I will repeat what I have said. I have not drawn any analogy....(*Interruptions*)

SHRI BIKRAM KESHARI DEO (KALAHANDI): Sir, I am on a point of order.

MR. CHAIRMAN: Please quote the rule.

SHRI BIKRAM KESHARI DEO : I would like to raise a point of order under Rule 376 of the Rules of Procedure of the House. My point of order is, the hon. Member has produced two documents....(*Interruptions*) He has shown the original Constitution as adopted by the Constituent Assembly...(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: What is your point of order?

SHRI BIKRAM KESHARI DEO : The hon. Member is trying to misquote the document. In the original Constitution, the word 'democracy' was there in the Preamble of the Constitution. During the emergency, this was altered in the House by the brute majority of the Congress Party....(*Interruptions*)

MR.CHAIRMAN: I have not allowed it.

SHRI RAJESH PILOT : The Constitution was amended by the Parliament. If they have any objection they can...(*Interruptions*)

SHRI VAIKO : At that time, most of the Members were behind the bar....(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: I have not allowed his point of order.

SHRI BIKRAM KESHARI DEO : At that time Shri Vajpayee was in jail. Most of the Members were in jail....(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: Please sit down. This is not a proper way.

...(*Interruptions*)

श्री रामानन्द ्सिंह : उ्स ्वक्त ्विपक्ष के ्सारे नेता जेल में थेâ€¦(व्यवधान) आपने इमर्जेंसी लगाकर ्संविधान ्संशोधन क्या।

सभापति महोदय : रामानन्द सिंह जी, आप बैठिए, आप बार-बार इंटरप्ट करते हैं, यह ठीक नहीं है।

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Mr. Chairman, Sir, if the BJP Party has any objection to the insertion of the word 'secularism' in the Preamble of the Constitution during the emergency, they may have. I do not mind it. I only wanted to tell, what they still consider as `the Preamble' and what we consider as 'the Preamble'.

MR. CHAIRMAN: This is not the proper way.

...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : Sir, now the hon. Minister has said that he is initiating talks with the Hurriat for Kashmir. I welcome his mission and wish its success. On the matters of Jammu and Kashmir, on the matters of internal security in North East and for that matter in the entire country, we do feel that going above party line, we should evolve a consensus and cooperate the Government irrespective of the party in the Government. That is our stand and there will be no change on this stand. We do consider that on matters dealing with the terrorists, ISI, and other extremist groups in whatever manner the Government seeks cooperation in Parliament, all parties are prepared to give their cooperation.

Now, I would like to draw your attention to the intelligence failure on the other front. Very recently, in North Bengal, a camp of an extremist group had been exposed which was situated near Jalpaiguri bordering Nepal only due to Bangla News Channel – *Khas Khabor*. Only after it was exposed the police got alert along with the Bengal Government and the Government of India. They did not know that extremists were working in that area.

Now, I am trying to draw his attention to one more thing. I want to know from the hon. Home Minister whether any coordination meeting of the Chief Minister's own intelligence, Central intelligence and the military is held on a daily basis on Kashmir. Is there any such coordination meeting held every day of IB, RAW, and other agencies to discuss as to what is happening inside as well as outside the border? Had these things been done, that kind of lapse could have been noticed in time? Our complaint is that coordination is not taking place.

Now, naxalite problem is there. Sir, I request the hon. Home Minister to control the naxalite problem which he has to plan. When this movement first started in Bengal, I was a student leader. I had seen that the naxalite problem came on the surface because of the exploitation of the land where the poorest of the poor was deprived of the due share of the land. Where there is aggressive land reform, where the due share of the land is given to the poor, the naxalite problem did not prevail there. I have seen the most affected place with naxalite movement was Midnapur. I was there for four nights and I found that the villages where I went some of our own party Members and others had huge acres of land thereby depriving the due share of land to the poor. I reported this matter to the then Prime Minister, late Indira Gandhi that if such elements continued no party can stop the naxalite movement in the country. This was one of the ethics. So, this social issue should also be addressed. I oppose this. I am a victim of the naxalite movement. My hand is still not straight. But I also share the concern of the poorest of the poor in the agricultural fields. So, while you tackle the naxalite problem please talk to the Chief Minister whether in his area aggressive land reforms have taken place or not, whether in those areas, poorest of the poor got the benefit of land reforms or not. This is one of the issues.

Sir, now I want to draw the attention of the hon. Minister to another matter. Sir, political murders are taking place in the country be it Bengal or be it Bihar. Unless some collective effort involving the Chief Ministers and the Home Minister is made, I do not know what will be the end result of this thing. More than 20,000 Congress workers lost their lives in our State, in Bihar, and in other parts of the country. देखिए, आप अगर चीफ व्हिप होकर टोकेंगे तो हम बैठ जाते हैं।

MAJ. GEN. (RETD.) B.C. KHANDURI : I have learnt it from you only. You are like a jumping jack in the box. You are getting up all the time. I am learning this from you...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI : I never interrupt you. I am not yielding to you...(*Interruptions*)

MAJ. GEN. (RETD.) B.C. KHANDURI : You also get up like the way I am doing. The way I am behaving, you also behave like that all the time...(*Interruptions*)

SHRI PRIYA RANJAN DASMUNSI (RAIGANJ): You came to Parliament from the Army and I have come here from the field...(*Interruptions*).

Sir, I would request the hon. Home Minister to call a meeting of all the party leaders to discuss the issue of political murders to understand this problem and note down the points. After that, when he finds time to call the meeting of the Chief Ministers or the State Home Ministers, please see that this issue is addressed properly.

18.00 hrs.

This is not a problem of one political party or the other. Everyone is suffering. A person may leave our party and join yours. But, when he dies, I also cry like you do. It is not a question of political pleasure to see a political worker belonging to any party anywhere in the country dying.

Finally, I would request the hon. Home Minister not to take it personally. I have the highest regards for him. मैंने एक दिन कहा था कि आड्वाणी जी को हम बीजेपी के नेता के रूप में देखना चाहते थे। वही रथ यात्रा, वही रामरथ, तो उनकी नीति के ऊपर उनको जो श्रद्धा है, उसके लिए मैं उनका बहुत आदर करता हूं, भले ही उनके साथ मेरा पुराना डिफरेंस हो। लेकिन उसी फिलिंग को रखना और होम मिनिस्टर की कुर्सी पर बैठना, ये दोनों बातों का आपस में मेल नहीं हो सकता है। You are suffocating yourself. जब आड्वाणी जी ने बंगाल से रथ यात्रा निकाली थी तो मैंने सुना था कि आड्वाणी जी राम रथ यात्रा लेकर अयोध्या जा रहे हैं। उनके तीन लक्ष्य थे - अयोध्या. मंदिर और हिन्दुत्व। हमें किसी ने कहा कि रथ लेकर चलो। मैंने कहा कि अगर तुम हिन्दू मां हो तो राम, कृण को सुनो, लाल कृण को नहीं। रामकृण जी ने कहा कि जितना भी पथ हो, चाहे अयोध्या की तरफ का हो या मक्का का हो, पथ एक ही होता है। इसलिए हिन्दू की बात सुनो, राम-कृण जी की सुनो, आड्वाणी जी को वोट देकर बी.जे.पी. की मदद करो। मैंने कहा था कि आड्वाणी जी को हिन्दुत्व की तस्वीर मत बनाओ। मैं यह इसलिए कह रहा हूं कि आज आपकी मिनिस्ट्री में, आपके नेतृत्व में जो आफिसर काम करते हैं, उनको डर होता है। मैं निपक्ष रूप से काम करू, सेकुलरिज्म के लिए काम करू तो मेरा दिल को चोट नहीं पहुंचेगी। हम आपको नेता की कुर्सी पर आदर के साथ बैठना पसन्द करते हैं लेकिन जब आप मिनिस्ट्री में बैठ जाते हैं तो मुझे डर लगता है...(व्यवधान) इतना ही मेरा नम्र निवेदन है।

श्री रघुनाथ झा (गोपालगंज) : महोदय, सदन में गृह मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत गृह विभाग के मांग के समर्थन में मैं खड़ा हुआ हूं। इस सदन में काफी समय से इतने संवेदनशील और महत्वपूर्ण विय पर माननीय सदस्यों ने अपने-अपने विचारों को रखा है। लेकिन आज वक्त का तकाजा है कि जो देश के हालात हैं कि हमारे बार्डर पर घटनाएं हो रही हैं। जिस तरह आईएसआई का प्रवेश हो रहा है, उग्रवादी संगठनों का नार्थ-ईस्ट में हो या जम्मू-काश्मीर में हो, उन्हें बाहर से मदद मिल रही है। ऐसे समय में हमें पार्टी स्तर से ऊपर उठ कर सही बात करनी चाहिए। सरकार को सुझाव देना चाहिए था, मैं राजेश पायलट जी की बातों को सुन रहा था। हमारे मित्र मुंशी जी ने भी अपनी बातों को रखा, अंत में उन्होंने कुछ अच्छा सुझाव दिया है जिस पर सरकार को गौर करना चाहिए। लेकिन इस देश के सारे हालात इस स्थिति में पहुंचे हैं, इसके लिए अगर कोई जवाबदेह है तो वे विपक्ष के लोग कांग्रेस पार्टी के हैं। पायलट जी तो होम मिनिस्टर भी रहे हैं। इन्होंने जो हालात इस देश के किए हैं, इन्होंने देश के हालात को बिगाड़ा है। इसत बात को ईमानदारी से उन्हें स्वीकार करना चाहिए, लेकिन वह स्वीकार नहीं करते। इस बात को कहने में मुझे कोई हिचकिचाहट नहीं है कि इस देश को सरदार पटेल के बाद ठीक ही गृह मंत्री, आड्वाणी जी मिले हैं। जिनके दिल में देश की समस्याओं के निदान करने की कसक है और इसके लिए प्रयासरत भी हैं। हम नहीं मानते कि सौ प्रतिशत कोई आदमी सफल होता है। इतने कम दिनों में हम यह बात कहें कि वह सब चीजों में सफल हो गए, यह भी हम नहीं मानते। इसमें सभी का सहयोग चाहिए।

महोदय, हम माननीय राजेश पायलट जी को याद दिलाना चाहते हैं और पूछना चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर की समस्या, नार्थ-ईस्ट की समस्या, बाबरी-मस्जिद की समस्या, स्वर्ण-मंदिर की समस्या किस की पैदा की हुई है। आपके कामों का फल आज आड्वाणी जी को भुगतना पड़ रहा है, उनका निदान उनको खोजना पड़ रहा है। इस मौके पर आपकी तरफ से पोजिटिव सुझाव आने चाहिए थे कि देश की जो परिस्थिति है, भिन्न-भिन्न राज्यों की जो समस्याएं हैं और बार्डर की जो स्थिति है उसको हम कैसे सुधार सकें।

माननीय गृह मंत्री जी, आपका पुलिस का कानून, पुलिस रैगुलेशन एक्ट अंग्रेजों द्वारा 1861 में बनाया गया था। उस समय देश गुलाम था और अंग्रेजों ने अपनी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उसे बनाया था। लेकिन आज देश के हालात बदले हैं और दलितों, अल्पसंख्यकों, पिछड़े वर्ग के लोगों में आकांक्षाएं जगी हैं। उनको जो अधिकार मिले हैं उनपर विचार करने के लिए यह आवश्यक है कि उस एक्ट में सुधार लाया जाये।

नार्थ-ईस्ट में टैरेरिस्ट के द्वारा जो घटनाएं हो रही हैं और उनको रोकने के लिए जो खर्च हो रहा है उसको भारत सरकार वहन कर रही है और वह इसके लिए बधाई की पात्र है। माननीय आड्वाणी जी, वहां की स्थिति को और सुधारना होगा। लेकिन आज बिहार की स्थिति आंध्र और नार्थ-ईस्ट से भी बदतर है।

आई.एस.आई. का नेपाल के रास्ते से प्रवेश हो रहा है। खुले रूप से 500 रुपये का जाली नोट आ रहा है। माननीय मदन जायसवाल जी ठीक कह रहे थे कि आप उस इलाके के बाजार में चले जाइये, वहां धड़ल्ले से यह काम किया जा रहा है। पुलिस लाचार है, थाने में आधुनिक हथियार नहीं हैं, लेकिन जो आतंकवादी और नक्सलवादी हैं, क्रिमिनल हैं, उनके पास आधुनिक हथियार नेपाल के रास्ते से अपने मुल्क में आ रहे हैं। इसलिए आपसे मैं प्रार्थना करूंगा कि सीमा पर अच्छी चौकसी होनी चाहिए।

नेपाल से हमारे अच्छे संबंध रहे हैं लेकिन आज नेपाल इन सारी आतंकवादी गतिविधियों का अड्डा बना हुआ है। नेपाल के रेडियो और टी.वी. पर भी भारत-विरोधी प्रचार होता है। पाकिस्तान का उनके साथ सीधी संबंध है। मैं चाहता हूं कि सरकार का ध्यान इस ओर जाये और सरकार पूरी मुस्तैदी से इस काम को रोकने के लिए कदम उठाए।

आज हमारे देश में जिस तरह से सड़कों को घेर कर मंदिर-मस्जिद बन रहे हैं और वहां से राजनीति की जा रही है, वह गलत है। बिहार में तो कोई भी सड़क सुरक्षित नहीं है। कहीं जाइये तो आप पाएंगे कि हनुमान जी की मूर्ति लगा दी। पुलिस थाणे से लेकर रजिस्ट्री ऑफिस तक, सब जगह यह हो रहा है।

उत्तरप्रदेश में कानून बना, उसका विरोध हुआ। ऐसा राजस्थान, वैस्ट बंगाल में कानून बना। यह ठीक कानून है। किसी को इस बात की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए। जहां मन किया वहां मंदिर खड़ा कर दिया और जहां सरकारी जमीन मिली, वहां मंदिर, मस्जिद बना दिया। ऐसी राजनीति नहीं होनी चाहिए। इस राजनीति को बंद करने की आवश्यकता है।

जम्मू -कश्मीर के बारे में सारा राट्र चिंतित है। गृह मंत्री काफी संवेदनशील होकर उस इलाके का बार-बार दौरा करते रहे हैं। वहां दस वर्षों में 20 हजार से अधिक लोग मारे गए हैं। वहां जिस तरह स्थिति दिनोंदिन खराब हो रही है, उसके लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और लोगों को कॉनफिडेंस में लिया जाए। स्थिति का पूरी तरह मुकाबला किया जाए। वहां से पहले कश्मीरी पंडितों का भगाया गया और दूसरी बार सिखों पर हमला हुआ। वैली में ऐसी परिस्थिति पैदा की जा रही है कि वहां के लोगों को बाहर किया जाए और वे उस जगह को छोड़ दें। हमें पार्टी लाइन से ऊपर उठ कर इस पर सोचना चाहिए और उसे बचाने का प्रयास करना चाहिए।

अभी मुंशी जी बिहार के बारे में बोल रहे थे। वहां जब से विधान सभा के चुनाव हुए, वहां लगभग ढ़ाई सौ राजनीतिक हत्याएं हुई। वहां एम.एल.ए. मारे गए। वे किसी एक पक्ष के नहीं मारे गए। वहां के लोगों को मदद मिलनी चाहिए। हमने गृह मंत्री जी से प्रार्थना की और कहा कि हमारे सांसद प्रभुनाथ सिंह जी को सुरक्षा प्रदान की जाए। उनके ऊपर कई बार जानलेवा हमला हुआ। उनकी सुरक्षा की व्यवस्था का काम होना चाहिए। जिस तरह वहां राजनीतिक घटनाएं हो रही हैं चाहे कांग्रेस के लोग मारे जाएं या दूसरे मारे जाएं। बाबन सुमरई जो बिहार में मंत्री हैं, वह कांग्रेस पार्टी के हैं, उनके छोटे भाई की हत्या कर दी गई। हमारे जिले के जो अध्यक्ष थे, उनकी हत्या हो गई। जितनी भी राजनीतिक हत्याएं हुई है, हम चाहते हैं कि उनकी सी.बी.आई. से जांच करवाई जाए। इससे वास्तविकता सामने आएगी। कई लोग इसकी सी.बी.आई. से जांच करवाना नहीं चाहते हैं। हम चाहते हैं कि इन सब की जांच सी.बी.आई. से करवाई जाए। वास्तविकता का पता लग जाएगा।

बिहार में बहुत दिनों से झारखंड राज्य बनाने के नाम पर विवाद चल रहा है। इसके गठन के लिए वहां की विधान सभा ने एक प्रस्ताव पारित किया। मुझे सदन में यह बात कहने में कोई हिचकिचाहट नहीं है कि हमारी कमिटमैंट थी कि छोटे राज्य बनें। हमने उस आधार पर मत दिया। आज मेरा क्वश्चन था कि उत्तर बिहार में हर साल नेपाल की नदियों से भयंकर बर्बादी होती है। इससे इनफ्रास्ट्रक्चर खराब हो जाता है, सड़कें, खेत और जमीनें बरबाद हो जाती हैं लेकिन उसके खर्चे की भरपाई भारत सरकार नहीं करती। भारत सरकार इसकी भरपाई करे। बिहार विधान सभा ने जो पैकेज के रूप में एक प्रस्ताव पास किया है, अगले 10 वर्ा तक बिहार के इस बंट्वारे के बाद उसे जो हानि होने वाली है, उसमें केन्द्र सरकार मदद करे। गृह मंत्री जी ने जिस तरह बिहार में उदारता थिखाने का काम किया है, प्रायः सभी पार्टियों ने केवल एक पार्टी छोड़ कर सभी ने इसका समर्थन किया है। हमारे पास अब कुछ नहीं बचेगा। उत्तर बिहार की जितनी शूगर फैक्ट्रियां हैं, वे प्रायः सभी खराब हो गई। वहां की जूट इंड्स्ट्री और कागज इंड्स्ट्री खत्म हो गई।

मध्य बिहार की सारी फैक्टरियां समाप्त हो गई हैं, खाद के कारखाने खत्म हो गये हैं। जो शेा बिहार बचा है, मैं चाहूंगा कि पैकेज देकर बिहार को मज्बूत करने का काम किया जाये। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और गृह मंत्रालय की मांगों का समर्थन करता हूं।

श्री राशिद अल्वी (अमरोहा); चेयरमैन साहब, मैं अपनी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी की तरफ से बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं।

देश की आज जितनी हालत खराब है, उतनी आजादी के बाद कभी नहीं थी। होम मिनिस्टर साहब इस देश के सीनियर पौलिटीशियन हैं, मैं उनकी इज्ज़त भी करता हूं। I feel myself too junior to give any suggestion. I have to criticise him. लेकिन मेरी यह जिम्मेदारी बनती है कि मैं इस हाउस में देश की स्थिति सही सही और ईमानदारी के साथ रखूंâ€¦(व्यवधान) .. आप लोगों की टोकने की आदत है क्योंकि आप सच्चाई बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। जितना होम मिनिस्ट्री को पैसा चाहिये, उससे ज्यादा पैसा इस देश के अंदर टैरेरिज्म को खत्म करने, पुलिस बल बढ़ाने और इस देश में आई.एस.आई. की एक्टिविटीज को खत्म करने के लिये खर्च किया जाता है। मेरी यह पक्की राय है कि इस देश के अंदर पिछले 52 सालों से जिस तरह टैरेरिज्म फैला है, उसके लिये सियासतदां जिम्मेदार हैं। यह मुमकिन नहीं कि टैरेरिज्म हमारी गलतियों से बढ़ता चला जाये। यदि हम देखें तो इस देश के अंदर जो काम हो रहा है, उसमें सारी जिम्मेदारी आई.एस.आई. की बताई जाती है। मैं वाजेह और सख्त अलफाज़ में कहना चाहता हूं कि आई.एस.आई. की एक्टिविटीज को खत्म करने के लिये, आई.एस.आई. के एजेंट्स को खत्म करने के लिये, जितने सख्त से सख्त कानून आप बना सकें, इस हाउस को बनाने चाहिये। हम उसके खिलाफ नहीं लेकिन साथ ही साथ मैं यह भी कहना चाहूंगा कि आई.एस.आई. के नाम पर इस देश में गलत काम नहीं होना चाहिये कि जो काम सरकार नहीं कर सकती, जो गलत काम सरकार करती है, उसकी सारी जिम्मेदारी आई.एस.आई. के ऊपर डालकर लोगों को गलत मैसेज दिया जाये।

चेयरमैन साहब, मैं एक वाक्या ज़रूर बताना चाहूंगा कि मेरी कांस्टीटुयंसी अमरोहा यहां से 150 किलोमीटर की दूरी पर है। वहां के एक गांव सिलारपुर में ग्रुपबंदी होती है। वहां दिल्ली की पुलिस सादे वेश में कार से आई, जिसका लोगों को .पता नहीं था कि यह पुलिस है या कोई डाकू है और मेन रोड से एक आदमी को पकड़कर ले गई। सारे इलाके के अंदर शोर हो गया कि एक आदमी का किडनैप कर लिया गया है और उसके मुखालिफ लोगो ने उसे जान से मार दिया । इसका नतीजा यह हुआ कि उसकी मुखालिफ पार्टी के लोग उसके घर के चार लोगों को पकड़कर खेत में ले गये और उन्हे गोली मार दी गई। मैं होम मिनिस्टर साहब को बताना चाहता हूं कि इस देश की पुलिस किस तरह से काम कर रही है। मैंने डी.आई. जी. से बात की तो मुझे बताया गया कि दिल्ली की पुलिस आई थी और उस आदमी को पकड़कर ले गई। लेकिन वे चार लोग बेगुनाही में मारे गये। उनके मासूम बच्चों के मुस्तकबिल का क्या होगा, उसके लिये कौन जिम्मेदार है। वहां से आदमी ले जाकर बंद कर दिया गया और कहा गया कि वह आई.एस.आई. का एजेंट है। क्या यह पुलिस के काम करने का तरीका है? यदि होम मिनिस्टर चाहेंगे तो मैं पूरी तफ्सीलात दे सकता हूं।

लेकिन क्या इस तरीके से हिंदुस्तान के अंदर पुलिस कार्र्वाई करेगी कि एक बेगुनाह आदमी को लेकर चल दे। मैं यह नहीं कहता कि वह बेगुनाह था, मुमकिन है वह गुनाहगार हो, लेकिन क्या पुलिस सादे कपड़ो में जायेगी, किसी भी आदमी को पकड़कर ले आयेगी और रास्ते में जितने पुलिस स्टेशंस पड़ेंगे किसी को इत्तिला नहीं देगी कि उसे गिरफ्तार किया है या नहीं किया । दिल्ली में आकर कह देंगे कि निजामुद्दीन के इलाके से, जामा मस्जिद के इलाके से इसे गिरफ्तार किया है, यह आई.एस.आई. का एजेंट है, इसलिए बंद कर दिया है। इन तरीकों से टैरेरिज्म बढ़ेगा, घटेगा नहीं।

सभापति महोदय, मैं जामिया मिलिया का वाक्या ज़रूर बयान करना चाहता हूं। होम मिनिस्टर साहब ने इस बारे में बयान भी दिया है। लेकिन मैं बहुत अदब से कहना चाहता हूं कि होम मिनिस्टर साहब आप इस देश के होम मिनिस्टर है। चाहे कोई हिंदू हो, मुसलमान हो, ईसाई हो, या किसी भी मजहब का हो, उसकी जिंदगी और उसके माल की हिफाजत करना आपकी जिम्मेदारी है। आप उनके बाप के समान है। जामिया मिलिया के वे मासूम बच्चे अपने हॉस्टल में बैठे हुए इम्तिहान की तैयारी कर रहे थे। मुझे इस बात की बहुत तकलीफ है कि होम मिनिस्टर साहब को वहां जाना चाहिए था और जाकर उन लड़कों से एक बाप की हैसियत से मिलना चाहिए था। उन बच्चों को अगर प्यार की जरूरत थी तो उन्हें प्यार देना चाहिए था। उनके जख्मों पर प्यार का मरहम लगाना चाहिए था। लेकिन होम मिनिस्टर साहब ने ऐसा नहीं किया। रोज वे बच्चे पार्लियामेंट स्ट्रीट पर आते हैं, अपना मुताल्बाद रखते हैं, अपना डिमांस्ट्रेशन करते हैं। पुलिस कभी टीयर गैस छोड़ती है, कभी डंडे मारती है, कभी उनके खिलाफ कोई केस रजिस्टर्ड कर देती है और वे बच्चे शाम को वापिस अपने घर चले जाते हैं। क्या इसी तरीके से यह देश चलेगा, क्या इसीलिए हमने देश के लिए आजादी मांगी थी। क्या इसीलिए इस देश के अंदर 150 साल तक हमारे आबा-ओ-अजदाद ने जंग लड़ी थी। मैं होम मिनिस्टर साहब को बताना चाहता हूं और बी.जे.पी. के लोगों को बताना चाहता हूं कि वे इस देश की जंगे आजादी की लड़ाई की तारीख पढ़ें। सारे महरौली के पेड़ आज भी गवाह है। उन पेड़ों के गुद्दों के ऊपर अंग्रेजों ने फांसी के फंदे बनाकर इस देश के लोगों को फांसी दे दी, क्योंकि वे हिंदुस्तान की आजादी चाहते थे। बहादुरशाह जफर मार्ग के किनारे बना हुआ खूनी दरवाजा इसलिए खूनी दरवाजा कहलाता है क्योंकि हमारे आबा-ओ-अजदाद को उस खूनी दरवाजे के अंदर फांसी दी गई थी, क्योंकि वे हिंदुस्तान की आजादी चाहते है। क्या हिंदुस्तान की आजादी इसलिए चाहिए थी कि हमारे मासूम बच्चे हॉस्टल में पढ़ेंगे तो वहां पुलिस डंडा फेरेगी। क्या आजादी इसलिए चाहिए थी कि सिर्फ मुसलमान होने की वजह से उन्हें आई.एस.आई. का एजेंट बता दिया जायेगा। सर, मैं बहुत तकलीफ से कहना चाहता हूं - तू इधर-उधर की न बात कर, ये बता कि काफिले क्यों लुटे,

हमें राहजन से गरज नहीं, तेरी रहबरी का सवाल है ।

सभापति महोदय, हमें इससे गरज नहीं है कि आई.एस.आई. क्या कर रही है। हमें गरज इस बात से है कि हमारी जिंदगी और माल की हिफाजत होनी चाहिए। हमारे साथ ईमानदारी का सलूक होना चाहिए।

कश्मीर के अंदर â€¦(व्यवधान) देश की सुरक्षा की चिंता जितनी आपको है, उससे ज्यादा हमें है। मैं कोई कंट्रोवर्सल बात नहीं कह रहा हूं। मैं कहना चाहता हूं कि

बी.जे.पी. की सरकार इस देश के अंदर इसलिए बनी थी क्योंकि अयोध्या के अंदर राम का मंदिर बनाना था। सारे देश में हिंदू और मुसलमान के बीच में एक दीवार खड़ी कर दी गई। हिंदू, हिंदू हो गया था, मुसलमान, मुसलमान हो गया था। कुछ लोग बाबरी मस्जिद की बात करने लगे, कुछ लोग राम मंदिर की बात करने लगे। जिस दिन यह सरकार बनी, उसने पहले दिन यह ऐलान कर दिया कि जब तक यह सरकार रहेगी, तब तक अयोध्या के अंदर ...(व्यवधान) जिस दिन यह सरकार बनी, उसी दिन ऐलान कर दिया कि जब तक सरकार रहेगी, तब तक अयोध्या के अंदर राम के मंदिर की कोई चर्चा नहीं होगी। रामायण के अंदर आया है - मुनि नहीं यह निश्चर घोरा है। यह राम का नाम नहीं लेते, ये तो घोर राक्षस हैं जो राम का नाम बेचना चाहते हैं। राम के नाम से सत्ता चाहते हैं। राम की इज्जत हम आप लोगों से ज्यादा करते हैं। हमारे सीने में धड़कने वाले दिल को चीरोगे तो उसके अंदर राम की तस्वीर मिलेगी।â€¦(व्यवधान)

18.24 बजे (श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव पीठासीन हुए)

श्री बृज भूषण शरण सिंह (गोंडा) : आप समर्थन करिये। आपने कहा है कि आप राम की हमसे ज्यादा इज्जत करते हैं तो आप राम मंदिर का समर्थन करिये।â€¦(व्यवधान)

श्री राजेश पायलट : ये मस्जिद तोड़ने के पहले प्रार्थना करते कि वहां मंदिर बनेâ€¦(व्यवधान)

यह बात आपको पहले कहनी चाहिए थी।â€¦(व्यवधान)

श्री जसवंत सिंह यादव : आप बाबर को जिन्दा रखना चाहते हैं, लेकिन उसका इस देश के लिए क्या योगदान है।.....(व्यवधान)

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खंडूड़ी : मैं बताना चाहता हूं कि हमारा घोषणापत्र चुनाव से पहले बना था। मैं तो आपको सुधार रहा हूं। उस समय यह नहीं था।â€¦(व्यवधान)

श्री राशिद अल्वी (अमरोहा): सर हम और मेरी पार्टी जितनी हिन्दू कम्केयुनिलिज्म खिलाफ है उतनी ही मुस्लिम कम्ज्म्युनिलिज्म के खिलाफ है। हमारी यह पक्की राय है कि इस देश में सैकुलरिज्म होना चाहिए। यह देश सैकुलरिज्म देश ही रह सकता है। इस देश के अंदर जितने मजहब के मानने वाले हैं, उतने दुनिया में कहीं भी नहीं हैं। अगर हम इस देश को सैकुलर नहीं रखेंगे और इस देश को हिन्दू राट्र बनाना चाहते हैं, तो जब कांस्ट्यूएंट एसैम्बली बनी और उसके मैम्बरान ने जो विचार किया, यदि उन्होंने विचार किया होता, तो इस देश को हिन्दू राट्र बनने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती थी, लेकिन कांस्टीट्यूएंट एसैम्बली के लोगों ने हिन्दू राट्र बनाने की कल्पना भी नहीं की थी। यह उनकी बहुत ऊंचे दर्जे की सोच थी। मौलाना आजाद ने इसी सदन में कहा था कि किसी भी देश की कयादत के लिए जरूरी है कि उसके पास तफक्कुर भी हो और तद्ब्बुर भी हो। यानी फोरसाइटनैस भी हो और थॉट भी हो। कांस्टीट्यूएंट एसैम्बली के मैम्बरों ने बहुत सोच विचार कर के इस देश को सैकुलर बनाया था।â€¦(व्यवधान)

श्री चिन्मयानन्द स्वामी (जौनपुर): इस शब्द का समावेश भारत के संविधान के प्रीएम्बल में 1977 में हुआ। उससे पूर्व प्रीएम्बल में यह शब्द नहीं था।â€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय: स्वामी जी, आप कृपया बैठे-बैठे न बोलिए और अल्वी जी आप क्रास टाक्स न कीजिए।...(व्यवधान)

श्री राशिद अल्वी : तो क्या यह हिन्दू राट्र था?

सर इन लोगों को यह भी पता नहीं है कि यह देश 1947 से सैकुलर देश है, तो मैं इन्हें पढ़ाने या समझाने में असमर्थ हूं।â€¦(व्यवधान)

स्वामी चिन्मयानन्द : मैं यह बताना चाहता हूं कि सैकुलर शब्द को भारत के संविधान के प्रीएम्बल में सन् 1977 में जोड़ा गया। उससे पूर्व भारत के संविधान के प्रीएम्बल में सैकुलर शब्द नहीं था।(व्यवधान)

सभापति महोदय: आप अपना भाषण जारी रखिए। टोका-टाकी में न पड़िए और आप मुझे मुखातिब होकर बोलिए।

श्री राशिद अल्वी : सर, यह सैकुलर देश है और मैं जानता हूं कि सरकारी कोलीशन पार्टनर्स का सैकुलरिज्म से बैर है। इसलिए मेरी बात उन्हें अच्छी नहीं लगेगी और यह भी हमारे देश की बदकिस्मती है कि इस देश के अंदर कौन कब सैकुलर हो जाए, कब इधर बैठते हैं और सैकुलरिज्म की जिन्दा बात करते हैं और कब उधर चले जाते हैं और जब उधर चले जाते हैं, तब भी सैकुलर कहलाते हैं और इधर आते हैं, तो भी सैकुलर कहलाते हैं। मैं किसी कोलीशन पार्टनर का नाम नहीं लेना चाहता हूं, लेकिन मैं बिना नाम लिए यह जरूर कहना चाहता हूं कि वे इस पर विचार करें। यह सरकार का सवाल नहीं है, यह देश का सवाल है। सरकारें आती-जाती हैं, मिनिस्टर बनते हैं बिगड़ते हैं, लेकिन जब तक हम लोग ईमानदारी के साथ यह नहीं सोचेंगे कि देश कैसे मजबूत हो, तब तक देश मजबूत नहीं हो सकता।

इस देश की आजादी को 52 साल हो गये हैं। इस देश के अंदर अंग्रेजों ने जो पुलिस सिस्टम छोड़ा था, वह आज तक चला आ रहा है। जब कोई इनीशियेटिव नहीं लेगा â€¦(व्यवधान) मैं सभी बातें अच्छी कह रहा हूं, आप सुनिये। जब तक कोई इनीशियेटिव नहीं लेगा तब तक कोई तब्दीली नहीं आयेगी। इंग्लैंड का पुलिस सिस्टम कुछ और है और हमारा पुलिस सिस्टम दूसरा है। हमारा सिस्टम इसलिए बनाया गया था ताकि एक आदमी जिले के अंदर एस.पी. बना दिया जाये, कलैक्टर बना दिया जाये और वह अंग्रेजी सिस्टम के बिहाफ पर डंडा चलाने का काम करे। आज भी वही काम हो रहा है। कलैक्टर की कोठी 5 एकड़ में फैली हुई है, एस.पी. की कोठी पांच एकड़ में फैली हुई है, लेकिन गरीब आदमी उसकी कोठी के दरवाजे तक नहीं जा सकता। वह बचकर चलता है। वह अपने आपको ह्यूमन बिंग से बड़ा समझता है। इस हाउस के अंदर कितने एम.पीज. ने शिकायत की है, जिनके साथ उन्होंने मिसबिहेव किया है। यह खता एस.पी. की नहीं है। यह खता सिस्टम की है। सरकार को इस सिस्टम को बदलना पड़ेगा। जिस तरीके से थानेदार की भर्ती हो रही है, पुलिस वालों की भर्ती हो रही है, आई..पी.एस. और एस.पी. की भर्ती हो रही है. मैं सरकार से कहूंगा कि इन सबको बदल दो। पुलिस में एंट्री के लिए एक इम्तहान लीजिए जिस तरह इंग्लैंड में होता है। पहले सिपाही की भर्ती होनी चाहिए। वह पढ़ा-लिखा होना चाहिए, समझदार होना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए कि जो दुनिया में कोई काम न करता हो, उसे सिपाही बना दें और यह सोचकर चलें कि यह बेईमानी और करप्शन करेगा।

सभापति महोदय : अब आप समाप्त करिये।

श्री राशिद अल्वी : मैं अपनी पार्टी से अकेला बोल रहा हूं इसलिए मुझे थोड़ा और समय दीजिए। मैं पांच मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा।

सभापति महोदय : आपकी पार्टी के नौ मिनट हैं।

श्री राशिद अल्वी : मैं चाहूंगा कि होम मिनिस्टर साहब इनीशियेटिव लें, इस पुलिस सिस्टम को बदलें और एक बेहतर पुलिस सिस्टम लायें।

हमारे लिए जेल मैनुअल हिन्दुस्तान की आजादी से पहले बना था। आज भी वही जेल मैनुअल है। मुझे पार्लियामैंट में यह कहते हुए शर्म आती है कि आज भी हमारे जेल मैनुअल में यह लिखा हुआ है कि अंग्रेज जेलर की यूनीफार्म क्या होगी और हिन्दुस्तानी जेलर की यूनीफार्म क्या होगी? हम 52 सालों में इतना सम्य नहीं बचा पाये कि उस जेल के कानून को अमैंड कर पाते। आज भी इस देश का कानून है कि यूरोपियन जेलर की यूनीफार्म अलहदा हो और हिन्दुस्तानी जेलर की यूनीफार्म अलहदा हो।

आज कांस्टीट्यूशन को रिव्यू किया जा रहा है लेकिन इस बात पर तव्वजो नहीं दी जा रही। आप पूरे कांस्टीट्यूशन को बदल देंगे, पूरे कांस्टीट्यूशन के अंदर संघ आईडियोलॉजी भर देंगे लेकिन यह तव्वजो नहीं देंगे कि जो कानून हमें बदलना है, उसे किस तरह से बदला जा सकता है। जेल मैनुअल आज भी इस देश का कानून है। यूरोपियन प्रिजन्र्स को जेल में बियर भी मिल जाती है और एल्कोहल भी मिल जाती है जबकि हिन्दुस्तानी प्रिजन्र्स को पाबंदियों के अलावा और कुछ नहीं मिलता। यह अंग्रेजों का कानून है। आज भी इस देश का वही कानून है, जो हमारे लिए शर्मनाक है। â€¦(व्यवधान) एक-एक करके सभी समर्थन करेंगें, आप चिन्ता न करें। इसको बदलना चाहिए। होम मिनिस्टर ने ब्यान दिया है कि वह आई.एस.आई. पर एक व्हाइट पेपर देंगे। मैं कहना चाहूंगा कि वह व्हाइट पेपर जल्द से जल्द आना चाहिए।

मेरे पास जो आंकड़ें हैं, उसके हिसाब से इस देश के अंदर 1996 में 37,671 मर्डर हुए, 1997 में यह बढ़कर 37,943 हो गये, 1998 के अंदर 38,584 हो गये। इन सब आंकड़ों से पता चलता है कि दिन-ब-दिन देश की स्थिति खराब होती जा रही है। इस देश के अंदर 1996 में 14,846 रेप केसेज हुए, 1997 में 15,330 और 1998 में 15,151 केसेज हुए। इस तरह रेप के केसेज के अंदर वृद्धि होती जा रही है। इसी तरह 1996 में 20,848, 1997 में 21,898 और 1998 में 23,520 किडनैपिंग हुई। आप देखें कि लगातार किडनैपिंग, मर्डर और रेप में बढ़ोत्तरी हो रही है। इसी तरह आप डकैती और रॉबरी के आंकड़ें देखें तो 1996 में 22,787 और 1998 में 43,830 केस हुए। रेप हो, मर्डर हो या डकैती हो, सब चीजों के अंदर बढ़ोत्तरी हो रही है। यह तीन साल के आंकड़ें हैं, जो मैं पेश कर रहा हूं।

इसमें लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि होम मिनिस्टर साहब की परफोरमेंस कैसी है।

मैं हाउस का ज्यादा वक्त नहीं लेना चाहता, सिर्फ इतनी दरख्वास्त करना चाहता हूं कि सरकार को इनीशिएटिव लेकर पुलिस के सिस्टम को ठीक करना चाहिए। पुलिस का सिस्टम ठीक होगा तो उससे पूरे देश को रिलीफ मिलेगी। धन्यवाद।

SHRI RAJESH PILOT : Sir, there are 26 more Members to speak. If you could fix the time of the reply of the hon. Home Minister, then we can adjust our schedule accordingly. ...(*Interruptions*)

MAJ. GEN. (RETD.) B.C. KHANDURI : I do not know about the number of speakers but what has been agreed upon is about the time. As per the decision taken in the BAC, within six hours we have to finish it. We have started the discussion at 1520 hours. ...(*Interruptions*) We are sticking to the time and not the number of speakers. When the time is over, the list of speakers will automatically gets over. ...(*Interruptions*)

SHRI SURESH KURUP (KOTTAYAM): How can that be? That is not the practice in the House. ...(*Interruptions*)

MAJ. GEN. (RETD.) B.C. KHANDURI : I am just informing you the decision taken in the Business Advisory Committee. ...(*Interruptions*) This is not my decision. This is the decision of the Speaker and the members of the BAC. ...(*Interruptions*)

कुंवर अखिलेश सिंह : ऐसा नहीं है, बिजनेस एड्वाइजरी कमेटी में छः घंटे का सम्य निर्धारित किया गया था, उसको बढ़ाया भी जा सकता है, अगर माननीय सद्स्य इस पर बोलना चाहते हैं। â€¦(व्यवधान)

श्री सानछुमा खुंगुर बैसीमुथियारी (कोकराझार) : सभी को बोलने का मौका देना होगा। सीनियर लोगों को मौका देने से काम नहीं चलेगा।â€¦(व्यवधान)

मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) भुवन चन्द्र खण्डूरी : जो वहां पर त्य हो गया है, मैं वह बता रहा हूं कि हर पार्टी का सम्य निश्चित किया गया थाâ€¦(व्यवधान)

SHRI SURESH KURUP : Who are you to say all these things? ...(*Interruptions*)

MAJ. GEN. (RETD.) B.C. KHANDURI : I am amazed that you are asking this question. I am informing the decision taken in the BAC. ...(*Interruptions*)

कुंवर अखिलेश सिंह : आप भारतीय जनता पार्टी के सचेतक हैं, आप उतना कहिये।â€¦(व्यवधान)

SHRI SURESH KURUP : Let the Home Minister say. ...(*Interruptions*)

MAJ. GEN. (RETD.) B.C. KHANDURI : Please listen to me. Why are you getting agitated? ...(*Interruptions*)

सभापति महोदय : आप बैठ जाइये। आप लोग अपना स्थान ग्रहण कीजिए, समाधान हो रहा है।

MAJ. GEN. (RETD.) B.C. KHANDURI : I am merely conveying the decision taken in the BAC. This is not my decision. ...(*Interruptions*)

PROF. A.K. PREMAJAM (BADAGARA): Some Members are being denied the opportunity. ...(*Interruptions*)

श्री राजेश पायलट : पहले से छः घंटे का सम्य फिक्स है, जो मुझे स्पीकर के यहां से बताया गया है, टेंटेटिवली 10 बजे होम मिनिस्टर साहब का जवाब रख लेते

हैं। अगर एक्सटेंड करना होगा तो कल 12 बजे, क्वेश्चन ऑवर के बाद रखेंगे।

SHRI E. AHAMED (MANJERI): All the Members, whether they belong to major parties or smaller parties, must be allowed to speak. You must take the views of the smaller parties also. You must take the views of different sections of this House. You must not only take the views of the major parties like BJP and Congress, but you must also take the views of the smaller parties. ...(*Interruptions*)

सभापति महोदय : अहमद साहब, आप अपना स्थान ग्रहण कीजिए। आप बैठिये, आप चेयर को सुनिये। छः घंटे समय का जो कार्य मंत्रणा समिति ने निर्णय किया था, उसके तहत नौ बज कर 15 मिनट पर समय पूरा हो जाता है। इसलिए सभी दलों के माननीय सचेतक अपने-अपने दल के सदस्यों को समय सीमा के अन्दर बोलने के लिए कहें। हमको कोई आपत्ति नहीं है, यह समय सीमा के अन्दर समाप्त हो जायेगा।

कुंवर अखिलेश सिंह : माननीय सभापति महोदय, यह तो सही है कि छः घंटे का समय निर्धारित हुआ था। संयोग से आप भी बी.ए.सी. के मैम्बर हैं। उसमें यह तय हुआ था कि जो नये सदस्य होंगे, जो छोटे-छोटे दल होंगे, उनको भी बोलने का अवसर प्रदान किया जायेगा। समय तो आपने एलाट जरूर किया है â€¦(व्यवधान)

सभापति महोदय : अखिलेश जी, बराबर यह परम्परा है कि सदन में जो छोटे ग्रुप्स हैं और भी माननीय सदस्य हैं, उनको भी समय मिलता रहा है, मिलता रहेगा।

श्री चिन्मयानन्द स्वामी (जौनपुर) : माननीय सभापति जी, मैं पहले आपका धन्यवाद करता हूं कि आपने इस गृह मंत्रालय की बजट चर्चा में मुझे बोलने का मौका दिया।

मैं सबसे पहले पूर्व गृह राज्य मंत्री माननीय श्री राजेश पायलट का धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने बड़े सकारात्मक सुझाव दिये, लेकिन लगता है कि उन्होंने आज जो अखबार पढ़ा, वह जल्दी में पढ़ा।

जिस बयान की चर्चा से उन्होंने अपनी बात शुरू की, वह बयान जयपुर में एक माडल बन रहा है, उसको अयोध्या में कारसेवकों द्वारा ले जाने की बात है, और कुछ नहीं है। इसलिए पूरी जानकारी नहीं होने के कारण उन्होंने इस बयान को आधार बनाया है। मैं कहना चाहता हूं कि ऐसा कोई बयान नहीं आया है कि राम जन्मभूमि पर मूर्ति स्थापित की जा रही है। वह सिर्फ एक माडल लाने की बात हुई है। प्रायः ऐसा होता है कि हम अखबारों में छपी हुई बातों को सदन में उठा देते हैं, जिससे उत्तेजना निर्मित होती है। इसलिए मैं सब सम्मानित सदस्यों से आग्रह करूंगा कि कम से कम जब हम देश में साम्प्रदायिक सद्भाव लाने के लिए प्रयत्नशील हैं और सभी चाहते हैं कि सद्भाव निर्मित हो, एक ऐसा वातावरण देश में बने जिससे देश विकास की ओर, समृद्धि की ओर बढ़े, उस समय उन उत्तेजनात्मक बातों से बचने की कोशिश करनी चाहिए। इसके साथ ही जो भी बयान आते हैं उन पर गम्भीरता से नजर डालनी चाहिए।

अभी प्रियरंजन दासमुंशी जी ने कहा कि गृह मंत्री जी के विभाग में तालमेल नहीं है। हमें अच्छी तरह याद है, जिस तालमेल की ओर वे अंगुली उठा रहे हैं, कम से कम जब पायलट जी गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री थे और श्री एस.बी. चव्हाण गृह मंत्री थे, तब उनके बीच में कितना तालमेल था, उस पर गौर किया होता तो शायद यह सवाल नहीं उठाते। जिस बात की ओर दासमुंशी जी ने बार-बार ध्यान आकृट करने की कोशिश की वह है लाहौर बस यात्रा और कारगिल का युद्ध। मै उनको बताना चाहता हूं कि शिमला समझौता 1972 में हुआ था। क्या तभी से छद्म युद्ध की यात्रा शुरू नहीं हुई थी। उसके बाद तो यह सिलसिला जारी है, प्रॉक्सी वार चली है, आतंकवाद की आंधी चली है। उसमें कितने लोगों की कुर्बानियां हुई हैं, कहा नहीं जा सकता। इस देश के दो-दो प्रधान मंत्री और एक मुख्य मंत्री, संयोग से दोनों प्रधान मंत्री और मुख्य मंत्री आपकी ही पार्टी के थे, देश के सम्मानित नेता थे, उस आतंकवाद में आहूति की भेंट चढ़ गए। देश आतंकवाद का शिकार हुआ, वह आज तक मुक्त नहीं हो पा रहा है। हमें आतंकवाद को खत्म करना है तो गम्भीरता से इसके बारे में आम राय बनानी चाहिए। सबसे बीच में सामंजस्य बनाने की कोशिश करनी चाहिए।

सभापति महोदय, अभी कुछ दिन पहले एक रैली हुई। उसमें एक बड़े मजहबी नेता ने बयान दिया कि मैं आई.एस.आई. का एजेंट हूं। अगर पायलट जी ने उस बयान की निंदा की होती तो मुझे बड़ा अच्छा लगता। लगता है कि उन्होंने वह बयान नहीं पढ़ा, जिसमें यह था कि किसी की हिम्मत हो तो मुझे गिरफ्तार करे, लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

श्री राशिद अल्वी : मैं उसको एप्रिशिएट नहीं करता हूं, लेकिन उस बयान की भावना यह है कि सबको आई.एस.आई. का एजेंट बताया जा रहा है।

सभापति महोदय : श्री अल्वी आप बीच में न बोलिए, आपकी बात रिकार्ड में नहीं जा रही है।

...(व्यवधान)... (कार्यवाही वृत्तान्त में सम्मिलित नहीं किया गया।)

श्री चिन्मयानन्द स्वामी : अगर अल्वी साहब उनकी वकालत कर रहे हैं तो हमें कोई एतराज नहीं है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे माननीय नेता राजेश पायलट और अल्वी जी उस बयान का उल्लेख करते कि उस बयान से जो उत्तेजना पैदा हुई है, उसका नतीजा क्या हुआ है।

अभी धार्मिक स्थल विधेयक को लेकर रघुनाथ झा जी ने अच्छी बात कही है। ऐसा विधेयक लाना बहुत आवश्यक था, क्योंकि नेपाल की तराई में जो कुछ हो रहा है, उससे वे सब लोग अवगत हैं जो वहां की यात्रा करते हैं। हमारे सांसद ब्रज भूषण शरण सिंह जी यहां बैठे हैं, उन्होंने वहां की यात्रा की थी। उनको पता है कि किस तरह से वहां धार्मिक स्थलों के बीच आई.एस.आई. अपनी जड़ें जमाने की कोशिश कर रही है। क्या हम उदाहरण के रूप में नहीं बता सकते कि बंगाल में माल्दा और दीनाजपुर जिले में पिछले पांच साल में पांच किलो मीटर की बैल्ट में एक हजार मस्जिदें बनी हैं। अनायास ही इतना उत्साह उमड़ा कि वहां इतनी मस्जिदें बन गईं।

श्री राशिद अल्वी : एक भी मस्जिद का नाम बता दें जिसमें आई.एस.आई. की गतिविधियां चल रही हों ?

श्री चिन्मयानन्द स्वामी : मैं मस्जिद का नहीं, जिले का नाम बता रहा हूं, आप पता लगा लें।

श्री प्रियरंजन दासमुंशी : दीनाजपुर मेरे क्षेत्र में है, माल्दा से अलग है।

श्री चिन्मयानन्द स्वामी : हम नहीं कहते कि उनका उससे सम्बन्ध है या नहीं।

लेकिन मेरा यह कहना है मस्जिदें बनी हैं। अभी सुनते जाइए। धर्म स्थल विधेयक जब मध्य प्रदेश में बना तो किसी को परेशानी नहीं हुई, जब राजस्थान में बना तो किसी को परेशानी नहीं हुई, बंगाल में बना तो भी किसी को परेशानी नहीं हुई लेकिन जब उत्तर प्रदेश में बनाया गया तो परेशानी हुई और परेशानी इस सीमा तक हुई कि राजेश जी, सलमान खुर्शीद जी को समझाइए, उन्होंने कहा कि अगर यह विधेयक पारित हो गया, लागू हो गया तो हम एक हजार मदरसे नेपाल की तराई में बनाएंगे। अगर वह कम्प्यूटर स्कूल बनाते तो ज्यादा अच्छा रहता। इस तरह की बातें अखबारों में उछलती हैं और जब ये बातें अखबारों में आती हैं तो हम लोग उनकी तह तक नहीं जाते। केवल उस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं। जब यहां प्रतिक्रिया व्यक्त की जाती है तो चाहे कितनी ही महत्वपूर्ण खबर क्यों न हो, वह महत्वपूर्ण बन जाती है। अल्वी साहब कह रहे थे कि स्वाधीनता के बाद इस देश की हालत ऐसी खराब ही नहीं हुई थी जैसी आज खराब हुई है। पता नहीं कि माननीय मायावती जी के साथ जो बीती थी, वह इन्हें याद है या नहीं है ? उस समय कौन सी अच्छी स्थिति थी ? किस स्थिति में उनकी दुर्दशा हुई थी ? मैं कहना चाहता हूं कि आबादी के साथ लॉ एंड ऑर्डर जैसी कुछ समस्याएं होती है। उन बिंदुओं पर चर्चा होनी चाहिए जिनकी शुरुआत माननीय राजेश जी ने की थी। वे महत्वपूर्ण चर्चाएं हैं। आई.एस.आई. पर श्वेत पत्र आना चाहिए। साथ में यह भी होना चाहिए कि विदेश से जो बहुत बड़ी मात्रा में इस देश में धन आ रहा है, पिछले दस साल में दस हजार करोड़ डॉलर पैसा इस देश में आया है, माननीय गृह मंत्री जी के रिकार्ड में यह सब बातें हैं। वह पैसा किस काम के लिए आ रहा है ? क्या वह पैसा जिस काम और जिस क्षेत्र के लिए आ रहा है, क्या उसी क्षेत्र और उसी काम में लग रहा है ? इसकी भी जांच होनी चाहिए। जो पैसे आ रहे हैं, उनका भी एक श्वेत पत्र लाया जाना चाहिए, ऐसी मैं गृह मंत्री जी से मांग करूंगा। उनको भी सबके सामने लाना चाहिए कि उस पैसे का उप्योग कहां हो रहा है, किस काम में हो रहा है ?

कल बड़े जोर से आगरा की घटना को लेकर चर्चा हो रही थी। मैं कहता हूं कि इस तरह की जो घटनाएं होती हैं, उनकी जांच होनी चाहिए। जो दोषी पाए जाएं, उनको सजा मिलनी चाहिए लेकिन बिना जांच के सदन को अपने कब्जे में ले लेना और सदन की कार्यवाही रोकना अच्छी बात नहीं है। मैं जानता हूं कि पूरे देश में क्रिश्चियन स्कूल का एक नैट वर्क है, शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा काम कर रहे हैं। लेकिन कहीं-कहीं किन्हीं स्कूलों में कुछ झगड़े हो जाते हैं और वे झगड़े कभी धार्मिक और साम्प्रदायिक रूप ले लेते हैं। वे स्कूलों के झगड़े होते हैं जो एडमिशन और कक्षा में पढ़ाई को लेकर होते हैं। इन झगड़ों को कोई राजनीतिक रंग नहीं दिया जाना चाहिए बल्कि उसकी जांच करके स्कूल के स्तर पर उनका हल करने की कोशिश करनी चाहिए। आगरा की घटना ऐसी ही एक घटना है, मैं सारी जानकारी लेने के बाद कह रहा हूं।

मैं माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा कि गाजियाबाद में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्षा एक मिस लोरेटोवासा उन्होंने क्या किया, जितनी बाल्मीकि बस्ती थीं, वहां जाकर कहा कि अगर आप क्रिश्चियन बनते हैं तो पांच हजार रुपये क्रिश्चियन मिशनरीज से मिलेंगे और स्कूल आपको दे दिया जाएगा। अच्छा हुआ कि उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने उन्हें पद से हटा दिया है। इस प्रकार की बात आज अधिकारियों में आ रही है। अधिकारी आज साम्प्रदायिकता के आधार पर सोचने लगे हैं और इस पर काम करने लगे हैं। मैं नहीं मानता कि देश में ऐसी कोई परिस्थिति है कि साम्प्रदायिक तनाव पैदा हो। साम्प्रदायक तनाव की परिस्थितियां माननीय आडवाणी जी ने समाप्त कर दी हैं। इस परिस्थिति में कोई साम्प्रदायिक दंगा इस देश में नहीं हो सकता चाहे वह ग्राहम स्टेन्स का मामला हो चाहे वह मध्य प्रदेश में ननों का मामला हो और चाहे हरियाणा और आगरा का मामला हो, सख्ती से निपक्षता से जांच करवाना जिस व्यक्ति के स्वभाव में है, अगर उस व्यक्ति का नाम लिया जा सकता है तो इस समय हमारी सरकार में एक नाम है और वह श्री लाल कृण आडवाणी जी हैं। उनका स्वभाव ही निपक्षता है, वह कभी पक्ष नहीं लेते। मुंशी जी परेशान हो रहे थे जब लोगों ने उन्हें पटेल कह दिया। इतना कहने पर परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसी देश के बेटा हो। एक नेता ने कहा था-Indira is India, India is Indira. तब आप कहां थे ? लगता है कि तब आपका जन्म राजनीति में नहीं हुआ था, तब आप नहीं बोल पाये थे। तब आपको परेशानी समझ में नहीं आयी थी। लेकिन यह बात अपने लोगों को आदर देने के लिए कही जाती है।

हमारी भावना है, हम किसी को कुछ भी कह सकते हैं। आज कितने लोगों के नाम राम पर, अब्दुला पर हैं और कितनों के मोहम्मद पर हैं।...(व्यवधान) मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अब भी वक्त है, आप अपनी गलतियों पर नजर डालें। आपने जो पिछले 50 सालों में गलतियां की हैं, उनसे उभरिए। अगर उन गलतियों से नहीं उभरेंगे तो न अपने को बचा पाएंगे और न देश को बचा पाएंगे। चाहे वे गलतियां आपकी हों या हमारी हों, हम सबको उन गलतियों पर नजर डालनी चाहिए, अपनी गलतियों को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। पुरूलिया का कांड किस के समय में हुआ था। पुरूलिया में हथियार किस के समय में गिराए गए थे। पुरूलिया में हथियार गिरा था और वह हथियार बिहार में गिरा था, वह हथियार आज तक बरामद नहीं हो पाया। आज भी अखबारों में आ रहा है कि वह अपराधियों के पास पहुंच गए हैं।...(व्यवधान) हम अपनी गलती मानते हं, आपकी तरह अपनी गलतियों को दूसरों पर नहीं थोप रहे हैं। पुरूलिया में हथियार गिरे थे और हथियार गिराने वाले बड़े आराम से चले गए थे। वे किस की हुकूमत से गए थे। उस समय किस की सरकार थी, वह हथियार आज तक बरामद नहीं हो पाए। राज्य सरकारें पुलिस व्यवस्था में, सुरक्षा व्यवस्था में, कार्यक्रम में अपनी भूमिका निभाती हैं। केन्द्र के साथ कितना सहयोग कर रही हैं। आज बिहार में अगर अपराध बढ़े तो आश्चर्य क्या है। अगर आर्थिक दृटि से चार्ज्शीटेड महिला मुख्य मंत्री बनेगी तो उसके शासन में अपराधों में प्रोत्साहन मिलता है तो इसमें आश्चर्य की क्या बात है, वह तो मिलेगा।...(व्यवधान)

आप सुन लीजिए। जब आडवाणी जी पर आर्थिक अपराध का आरोप लगा था तो उन्होंने पार्लियामेंट से इस्तीफा दिया था और तब तक पार्लियामेंट नहीं आए थे, जब तक अपराध मुक्त नहीं हो गए थे। उन्होंने एक आदर्श प्रस्तुत किया था। आप भी कुछ सीख लो।...(व्यवधान) तुम्हारे पास सीखने के लिए कुछ नहीं है।...(व्यवधान)

श्री राजेश पायलट आदर्श वाली बात कहोगे तो चार्ज कोई भी हो- चाहे आर्थिक हो या दूसरा हो।...(व्यवधान) वह चार्ज ही है।...(व्यवधान)

श्री चिन्मयानन्द स्वामी मैं आदर्श की बात नहीं कह रहा हूं।...(व्यवधान) मैं निवेदन करना चाहता हूं, आज स्थिति यह है कि आपने पहल की है। पूर्वोत्तर परिद बना कर शिक्षा के क्षेत्र में, प्रगति और उद्योग के क्षेत्र में तथा हर क्षेत्र में वहां के लोगों को रोजगार देने की पहल की जा रही है, यह सकारात्मक कदम है। लेह-लद्दाख में बहुत से लोग रहते हैं, उन्हें कुछ दिक्कतें आ रही हैं। उन्हें अपने रोजमर्रा के काम में दिक्कते आ रही हैं, आपको इनको देखना चाहिए। वहं रहने वाले बोद्ध, अल्पसंख्यक अगर परेशान हैं तो उनकी परेशानी दूर करनी चाहिए। अभी-अभी पायलट जी अच्छी बात कह रहे थे कि उन्हें आबाद करने की व्यवस्था की जानी चाहिए, लेकिन दिक्कतें आ रही हैं। अगर वे अपनी जमीन के, घर के कागज चाहते हैं, जिसमें उनका रेवेन्यू रिकार्ड हो तो वह नहीं मिलता। उन्हें उपलब्ध नहीं कराया जाता, उसमें दिक्कतें पैदा होती हैं। इसलिए इन दिक्कतों को दूर करने की जरूरत है, इन्हें दूर किया जाए।

महोदय, आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू ने एक पटेल आयोग बनाया था, जिसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिलों के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए उपाय सुझाए थे, वह रिपोर्ट पता नहीं कहां पड़ी हुई है। वह रिपोर्ट लाई जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश का पूर्वी हिस्सा अभी बहुत पिछड़ा हुआ है, उसके पिछड़ेपन को दूर करने के लिए पटेल आयोग की सिफारिशें क्या हैं, वे सामने लाई

जानी चाहिए, जिससे पिछडापन दूर हो। हमारे मित्रों ने जो सुझाव दिए हैं, वे महत्वपूर्ण हैं, लेकिन यहां व्यक्तियों और दलों में बंट कर विचारों को सीमित नहीं करना चाहिए, विचारों के बीच में एक सामंजस्य बनना चाहिए और सदन को एक संदेश देना चाहिए कि हम देश की अंदरूनी सुरक्षा को बनाए रखने में एक साथ हैं।

MR. CHAIRMAN : Shri P.H. Pandiyan, before you start, I would like to draw your attention that you have only six minutes' time.

